www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–188 । सागर, शनिवार, 26 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

कमिश्नर ने दुग्ध संघ के प्लांट का निरीक्षण किया पृष्ठ 2
- चुनाव तक हमें चांद चाहिए!
- क्या 'विकास' से बच पाएंगे हिमालयी राज्य? पृष्ठ 4
- वित्तीय अनियमितताएं करने वाले दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश पृष्ठ 6
मंत्री भूपेंद्र सिंह ने आडिटोरियम का लोकार्पण किया, 5 करोड़ का दूसरा आडिटोरियम स्वीकृत किया पृष्ठ 8

सार-समाचार

तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के वारंगल से 127 किमी पूर्व में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 तीव्रता मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप आज सुबह लगभग 04¬43 बजे राज्य के वारंगल से 127 किलोमीटर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र 18.04 अक्षांश और 80.80 देशांतर पर तथा सतह से में 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

मंडी में बादल फटा, बद्दी में पुल 2 हिस्सों में बंटा

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटों में बारिश के चलते काफी नुकसान हुआ। मंडी में बादल फटने से 51 लोग फंस गए। एडीआरएफ की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया। दूर-दराज इलाकों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाने-पीने का सामान और जरूरी दवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उधर बद्दी जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आ गया और पुल दो हिस्सों में टूट गया। मौसम विभाग ने हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल में रेड और असम, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वायनाड में जीप खाई में गिरी, 9 की मौत

वायनाड, एजेंसी। केरल के वायनाड में शुक्रवार को एक जीप पलटकर खाई में जा गिरी। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित 4 लोग गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे थलप्पुझा में कन्नोथमाला के पास हुई। जीप में मजदूर सवार थे जिस खाई में जीप गिरी वह करीब 25 मीटर गहरी है। हादसे में जीप के दो टुकड़े हो गए।

मुख्यमंत्री ने किया जबलपुर में सु-राज कॉलोनी योजना का किया शुभारंभ, बोले-

आज से सभी अवैध कॉलोनियां वैध

- 27 सौ से अधिक कालोनियां हुईं वैध
- 35 लाख नागरिकों का जीवन बनेगा बेहतर

जबलपुर, देशबन्धु। हर गरीब के पास अपना एक मकान होना चाहिए। गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं। शहरों में भी शहरी आवास योजना में गरीबों को मकान दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यह बात जबलपुर में शहीद स्मारक, गोलबाजार में अनाधिकृत कालोनियों को वैध किए जाने, भवन अनुज्ञा एवं सु-राज कॉलोनी योजना के शुभारंभ के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी कॉलोनी अब अनाधिकृत नहीं रहेगी। प्रदेश में आज से सभी अनाधिकृत कॉलोनी वैध होंगी। मकान हमारा बुनियादी अधिकार है। हर गरीब के पास अपना एक मकान होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनाधिकृत कालोनियों के वैध होने की घोषणा के बाद अब वहां अधो-संरचना विकास के साथ ही भवन भी अनुज्ञा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 23 हजार एकड़ भूमि को भू-माफियों और अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई भूमि पर गरीबों के लिए सु-राज कालोनी योजना तैयार की गई है।

जनदर्शन में उमड़ा जनसैलाब

आज जबलपुर में जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान का जनसमूह ने पुष्पों की वर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। जनदर्शन के पूरे मार्ग में पुष्प-वर्षा और भारत माता की जय तथा वंदेमातरम के घोष के बीच मुख्यमंत्री श्री चौहान का रथ आगे बढ़ता रहा। जनदर्शन में लोग घरों की छतों, स्वागत मंचों से पुष्प-वर्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री के स्वागत और सम्मान में बच्चे, युवाओं, महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग भी समान रूप से उत्साहित थे।

बहन-बेटियों को दिए सरकार चलाने के सूत्र

- 5 सौ करोड़ से अधिक की जल-प्रदाय योजना का भूमि पूजन
- कटंगी और पौंडी बनेंगे तहसील, पाटन हाईस्कूल का हायर सेकेण्डरी में होगा उन्नयन

जबलपुर, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कटंगी और पौंडी को तहसील बनाया जाएगा। शीघ्र ही इसके आदेश जारी कर दिए जाएंगे। पाटन जनपद मुख्यालय के हाईस्कूल को हायर सेकेण्डरी स्कूल के रूप में उन्नत किया जाएगा। श्री चौहान आज कटंगी-जबलपुर के महिला सम्मेलन में बहनों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहन बेटियों को सरकार चलाने के सूत्र दिए हैं। उनकी जिन्दगी बदलने का अभियान जारी है। बहन-बेटियां आत्मविश्वास और सम्मान से जीवन जिये। हर स्तर पर उनके सहयोग और प्रोत्साहन के लिए योजनाएँ क्रियान्वित की गई हैं।

मिजोरम पुल हादसे की जांच को 4 सदस्यीय कमेटी गठित

- रेलवे को एक महीने के भीतर रिपोर्ट देगी कमेटी
- हादसे में अब तक 22 लोगों की जा चुकी है जान

आइजोल, एजेंसी। रेल मंत्रालय ने मिजोरम के आइजोल जिले में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढहने के कारणों के जांच के लिए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस हादसे में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। कमेटी को एक महीने के भीतर जांच की रिपोर्ट देने को कहा गया है।

इन चार सदस्यी कमेटी में आरडीएसओ के बीपी अवस्थी, आईआईटी दिल्ली के डॉ. दिप्ती रंजन साहू, आईआरआईसीएन के शरद कुमार अग्रवाल और एनएफ रेलवे के मुख्य ब्रिज इंजीनियर संदीप शर्मा का नाम शामिल हैं। रेलवे बोर्ड की वर्क्स-एक शाखा समिति के कामकाज और रेलवे बोर्ड द्वारा विचार के रिपोर्ट प्रस्तुत करने, समिति की सिफारिश के कार्यान्वयन और सभी संबंधित मुद्दों के लिए मोडल शाखा होगी। आइजोल के करीब बैराबी-सैरांग में बुधवार को निर्माणाधीन रेलवे पुल के गिरने से 22 लोगों की मौत तो वहीं तीन अन्य घायल हो गए थे। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत मलवे से चार मृत शरीर बाहर निकाला गया। हालांकि, अभी भी एक मजदूर के गायब होने की आशंका जताई जा रही है। सभी पीड़ित पश्चिम बंगाल के मालदा के रहने वाले थे। इस घटना के दौरान 26 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। रेलवे ने बताया कि निर्माणाधीन पुल पर गैलेंट्री के गिरने के कारण पुल ढह गया था। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में मरने वालों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुआवजे के तौर पर मरने वालो को 10 लाख और घायलों को पचास हजार रुपये देने का वादा किया है।

चंद्रयान-3 मिशन का नया वीडियो आया सामने

चंद्रयान के रोवर ने रैम्प पर चलने के बाद किया मूनवॉक

अच्छी तरह से काम कर रहा है रोवर : इसरो

चेन्नई, एजेंसी। भारत के चंद्रयान के रोवर ने रैंप पर चलने के बाद चंद्रमा की सतह पर कदम रखते हुए 'मूनवॉक' किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी (इसरो) ने कहा, इसने चंद्रमा लैंडर के रैंप पर से धीरे-धीरे लुढ़कने के बाद चांद पर मूनवॉक भी किया। मूनवॉक एक डांस मूव है जो माइकल जैक्सन द्वारा मोटाउन 25 यस्टरडे, टुडे, फॉरएवर पर बिले जीन के प्रदर्शन के दौरान किए जाने के बाद बहुत लोकप्रिय हो गया। चंद्रयान-3 का लैंडर बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित रूप से उतरा था। गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, इसरो ने कहा चंद्रयान-3 रोवर मेड इन इंडिया मेड फॉर मून! सीएच-3 रोवर लैंडर से नीचे उतरा और भारत ने चांद पर सैर की! जहां रोवर ने गुरुवार को चंद्रमा पर चहलकदमी की, वहीं इसरो ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित वीडियो जारी किया। लैंडर पर लगे कैमरे द्वारा लिए गए वीडियो में फैले हुए सौर पैनल के साथ रोवर को धीरे-धीरे रैंप से नीचे जाते, चंद्रमा की मिट्टी को छूते और आगे बढ़ते देखा जा सकता है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि रोवर अब अच्छी तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोवर में दो उपकरण और लैंडर पर तीन उपकरण लगे हैं और उन सभी को एक-एक करके रूप से चालू किया गया है। उन्होंने कहा, वे मूल रूप से चंद्रमा की खनिज संरचना, साथ ही चंद्रमा के वातावरण और वहां की भूकंपीय गतिविधियों का अध्ययन करेंगे। कुल 1,752 किलोग्राम वजनी लैंडर और रोवर चंद्रमा के वातावरण का अध्ययन करने के लिए एक चंद्र दिन के प्रकाश में परिचालन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देने बेंगलुरु जाएंगे मोदी

बेंगलुरु, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद वैज्ञानिकों को बधाई देने के लिए आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का दौरा करेंगे। इस मौके पर भाजपा एक मेगा रोड शो भी करेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा विधायक आर.अशोक ने कहा कि रोड शो बेंगलुरु में जलाहल्ली सर्कल से इसरो मुख्यालय के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से वैज्ञानिकों और पीएम मोदी को बधाई देने के लिए रोड शो में शामिल होने का अनुरोध करता हूं।

सुषमा की सुरीली आवाज़ ने बघेली लोकगीतों को घर-घर पहुंचाया

यह उनकी मीठी आवाज़ का ही जादू है कि जिस बघेली को लोग अब तक अनपढ़-देहातियों की भाषा मानते थे, वही बघेली अब लोगों को लुभाने लगने लगी है। बघेली लोक गायिका सुषमा शुक्ला विंध्य की संस्कृति और लोक गायन के संरक्षण को लेकर न सिर्फ चिंतित हैं, बल्कि इस दिशा में भी लगातार कार्य कर रही हैं। यू-ट्यूब के माध्यम से उन्होंने बघेली लोकगीतों को घर-घर तक पहुंचा दिया है। विंध्य कोकिला, विंध्य रत्न सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित विंध्य की लोक गायिका सुषमा शुक्ला से **स्वयंसिद्धा डॉट कॉम** की उपसंपादक **सीमा चौबे** की खास बातचीत :

- ***सबसे पहले अपने बारे में कुछ बताएं।***

मैं रीवा की ही रहने वाली हूँ, मेरा जन्म यहां बोदा में हुआ और यहीं अंजान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से बारहवीं तक मेरी पढ़ाई हुई। इसके बाद प्रयाग संगीत समिति-इलाहाबाद से प्रभाकर और अवधेश प्रताप सिंह विवि, रीवा से तीन विषयों में (समाजशास्त्र, एम.एस.डब्ल्यू और संगीत-गायन) में मैंने एम.ए. किया। मैंने कम्प्यूटर में पीजीडीसीए भी किया है। ये सब कर लेने क बाद करीब चार साल तक एक संगीत शाला 'स्वरधारा' का संचालन किया।

- ***लोक गायन में कैसे आना हुआ?***

लोक गायकी दरअसल मुझे विरासत में ही मिली। बचपन से ही हर अवसर पर अपने आसपास लोकगीत सुनती आ रही थी। घर-परिवार और समाज में आये दिन होने वाले उत्सवों में मेरी बड़ी मां, मां और घर की अन्य महिलाएं अनेक तरह के लोकगीत गाती थीं। उनके साथ रहते हुए मेरा रुझान भी लोकगीतों की तरफ बढ़ा। इस तरह बचपन से ही बघेली संगीत मेरे रगों में रच बस गया। इसके अलावा पिता के साथ हर शनिवार सुंदरकाण्ड के आयोजनों में शामिल होकर सामूहिक रूप से सुर और लय के साथ सुंदरकाण्ड और भजन गाया करती थी। धीरे-धीरे कठिन माने जाने वाले बघेली लोकगीत पहले स्कूल और बाद में कॉलेज के कार्यक्रमों के अलावा अन्य सामाजिक उत्सवों में भी गाना शुरू किया। वर्ष 1992 में रीवा आकाशवाणी की अनुमोदित कलाकार होने के बाद प्रदेश के अनेक स्थानों पर प्रस्तुति के अवसर मिलने लगे?

- ***तो क्या बचपन से ही लोक गायिका बनना चाहती थीं?***

न, मैं तो हमेशा से शासकीय सेवक बनना चाहती थी। इस वक़्त मैं ब्लॉक समन्वयक के पद पर कार्यरत हूँ। लोकगीत तो मेरे जीवन में रचा बसा है, जिससे मैं दूर नहीं रह पायी।

- ***पहली प्रस्तुति कब और कहाँ दी?***

आकाशवाणी, रीवा की तरफ से फरवरी 1998 में शहडोल के विराट मंदिर में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में बघेली लोकगीतों की पहली प्रस्तुति दी। इस आयोजन में अलग-अलग राज्यों से पारंगत गायक आये थे, लेकिन बघेली के मूल स्वरूप को प्रस्तुत करने के लिए मुझे लोगों से खूब सराहना मिली। इस प्रस्तुति के बाद मेरा आत्मविश्वास भी बढ गया।

- ***बघेली में पसंदीदा लोक गायक/गायिका कौन हैं?***

यादवेंद्र प्रसाद शुक्ला, मालती पाण्डेय और मणिमाला सिंह मेरे पसंदीदा कलाकार हैं।

- ***विंध्य में किस तरह के गीत प्रचलित हैं?***

बघेलखंड में कई तरह के बघेली लोकगीत गाए जाते है। लोगों के कुछ अपने गीत भी होते हैं जो त्योहारों और विशेष अवसरों पर गाए जाते हैं। वैसे विंध्य में तीन तरह के लोकगीत गाए जाते हैं। पहला संस्कारपरक गीत, दूसरा ऋतुपरक गीत और तीसरा है जातिपरक गीत। सभी तरह के गीतों का अपना महत्व होता है। संस्कार गीतों में सुहाग गीत बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे विवाह के समय गाया जाता है, सभी ऋतुओं और मांगलिक कार्यक्रमों के भी अलग-अलग गीत हैं।

- ***आप किस तरह के गीत गाना पसंद करती हैं?***

मुझे तो हर तरह के बघेली लोकगीत पसंद हैं, लेकिन संस्कार गीत गाना बहुत अच्छा लगता है। इसके अलावा अलग-अलग समुदायों में प्रचलित गीत भी मुझे लुभाते हैं।

- ***आज के दौर में श्रोता क्या सुनना पसंद करते हैं?***

श्रोताओं की अलग-अलग पसंद होती है। लेकिन लोकगीतों की ही फ़रमाइश ही ज़्यादा होती है। कई बार श्रोताओं की मांग के अनुरूप गीतों का चुनाव करना पड़ता है, पर ऐसे मौके कम ही आते हैं।

देश के दिल मध्यप्रदेश में अनगिनत ऐसी स्त्रियाँ हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष, परिश्रम और प्रतिभा के बल पर एक ख़ास मुकाम हासिल किया है। इस साप्ताहिक श्रंखला में आप प्रदेश की उन महिलाओं से परिचित हो सकेंगे, जिनके बारे में आपने पहले शायद कभी सुना या पढ़ा नहीं होगा।

- ***कोई ख़ास किस्सा या अनुभव के बारे में बताएं।***

दिसम्बर 2019 में प्रयागराज में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम में तीन दिन बघेली लोक गीत प्रस्तुत करने का अवसर मिला। वहां बघेली लोकगीतों को कल्पना से अधिक प्रतिसाद मिला। संस्कृति मंत्रालय के अधीन उत्तर मध्य क्षेत्र, प्रयागराज सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक इन्द्रजीत ग्रोवर ने मंच पर आकर कहा कि हमें पता ही नहीं था, बघेली भाषा में इतनी मिठास है। यहां हर कोई बघेली गायन का कायल हो गया है। वह पल मेरे लिए बहुत ख़ास रहा, लगा बघेली संस्कृति की दिशा में काम करने का मेरा प्रयास सफल हो रहा है।

- ***आगे की क्या योजना है?***

बघेली के मूल स्वरूप को संरक्षित करना है, जिससे आने वाली पीढ़ी उसे सरल तरीके से समझ सके। बघेली लोकगीतों को जन-जन तक पहुंचाना चाहती हूँ। अपनी बोली को पूरे देश में फैलाना है। साहित्य के साथ-साथ पारंपरिक लय भी आने वाली पीढ़ी को मिल सके इस उद्देश्य से ब्लॉग 'बघेली फ़ोक कल्चर' भी शुरू किया जहाँ इन गीतों का संकलन किया जा रहा है।

- ***यू-ट्यूब चैनल कब और क्यों बनाया?***

मैंने अनुभव किया कि बघेली लोकगीतों के प्रति लोगों की रुचि तो है, लेकिन इसका साहित्य उपलब्ध नहीं है, जिससे लोगों खासकर युवा पीढ़ी तक इसकी जानकारी नहीं पहुँच पा रही है। यू-ट्यूब पर भी बघेली में कोई गीत उपलब्ध नहीं थे। जब मैंने हमारी 'बघेली लोकगीत संस्कृति' की स्थिति और संस्कृति के प्रति नई पीढ़ी की विचारधारा के बारे में जानने-समझने की कोशिश की तो मुझे बहुत दुःख हुआ कि 90 प्रतिशत युवाओं को हमारी खूबसूरत बघेली लोक संस्कृति का वास्तविक सार भी नहीं पता है। तभी तय किया कि अब बघेली बोली और विंध्य की संस्कृति को सहेजने और आगे बढ़ाने के लिए ही काम करना है। अगली पीढ़ी को बघेली साहित्य सुर और लय के साथ उपलब्ध कराने और लोकगीतों का संग्रह करने के उद्देश्य से 7 मार्च 2016 को 'सुषमा शुक्ला' नाम से यू-ट्यूब चैनल बनाया और बघेली गीतों के वीडियो बनाकर उस पर डालना शुरू किया। देखते ही देखते लोकप्रियता ऐसी बढ़ी कि मात्र डेढ़ साल के भीतर ही वीडियो देखने वालों की संख्या एक करोड़ पार कर गई।

- ***यू-ट्यूब पर कितने वीडियो अपलोड किए जा चुके हैं?***

इस चैनल पर अब तक लोक संस्कृति से जुड़ी हर विधा के साढ़े 5 सौ से भी अधिक गीत डाले जा चुके हैं। चैनल पर 53 हजार सब्सक्राईबर्स हैं और डेढ़ करोड़ से भी ज़्यादा लोग उन्हें देख चुके हैं।

- ***पारिवारिक ज़िम्मेदारियों और नौकरी के साथ आप गायन के लिए किस तरह समय निकालती हैं?***

संगीत मेरे जीवन का हिस्सा है। जैसे मैं दूसरे काम करती हूँ, वैसे ही संगीत के लिए भी समय निकालती हूँ।

- ***अपने विवाह के बारे में बताएं और यह भी कि क्या उसका आपकी संगीत यात्रा पर कोई असर पड़ा।***

नहीं, कोई असर नहीं पड़ा। 1997 में रीवा के ही ग्राम पड़रा, निवासी योगेंद्र शुक्ला जी से मेरा विवाह हुआ, लेकिन उसके बाद भी संगीत नहीं छोड़ा, बल्कि ससुराल वालों से मिले सहयोग और प्रोत्साहन से और अधिक उत्साह के साथ संगीत में रच-बस गई।

- ***आपके गायन कार्य और वीडियो तैयार करने में किसका सहयोग रहता है?***

योगेन्द्र जी के साथ-साथ मेरे दोनों बच्चों- बेटी प्रज्ञा और बेटा देवर्ष का इस कार्य में पूरा सहयोग रहता है। वे यू-ट्यूब चैनल पर गीतों की एडिटिंग और उन्हें अपलोड करने का काम करते हैं। इसके अलावा हमारी टीम में शामिल गणेश प्रसाद मिश्रा और रघुवीरशरण श्रीवास्तव (हारमोनियम), हरिशरण श्रीवास्तव (तबला) और वंशगोपाल द्विवेदी (ढोलक) के सहयोग से हम अपने काम को अंजाम दे पाते हैं।

- ***सुना है आपसे प्रेरित होकर आपकी भतीजी भी लोक गायन कर रही हैं, उनके बारे में बताएं?***

मेरे परिवार का माहौल संगीतमय रहा है। मेरी मां, बडी माँ और दीदी लोकगीत गाती थी। भैया तबला बजाया करते थे। अब दीदी की बेटी दिव्यानी पाण्डेय भी इसी राह पर चल पड़ी है। उसने खैरागढ़ विवि से संगीत में एमए किया है। वह प्रदेश के साथ-साथ मुंबई में बघेली लोक गीतों की खुशबू बिखेर रही है।

- ***आपके द्वारा लोक संस्कृति बचाने के कोई ख़ास प्रयास!***

यू-ट्यूब चैनल के जरिए बघेली के लोकगीत का संग्रह करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। मैं रीवा के तत्कालीन शासक-महाराज रघुराज सिंह द्वारा लिखे गए बघेली लोकगीतों को न सिर्फ गाती हूँ, बल्कि उनका रिकॉर्ड भी तैयार कर रही हूँ जिससे बघेली संस्कृति और रीति रिवाज सदा-सदा के लिए संरक्षित और संवर्धित रहे। महाराजा रघुराज सिंह ने बड़ी संख्या में बघेली लोकगीत लिखे थे। मैं महाराजा के लिखे लोकगीत गाती हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जाता है।

- ***क्या कोई एल्बम बनाने की भी योजना है?***

अभी ऐसी कोई योजना दिमाग में नहीं है, अवसर मिलेगा तो विचार किया जाएगा।

- ***नये लोक गायक कलाकारों के क्या कहना चाहेंगी?***

कुछ कलाकार अच्छा गायन कर रहे हैं। मैं बस इतना ही कहूँगी कि लोकगीत के मूल स्वरुप को ध्यान में रखें, लोकगीत अपने आप में बहुत समृद्ध हैं। लोकगीतों के भाव को तभी मूर्त स्वरुप दे पाएंगे जब उस अवसर को जियेंगे।

- ***लोक संस्कृति को आज आप कहाँ पाती हैं?***

बघेली बोलने से लोग आज भी शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति समाज में अपनेपन का भाव उत्पन्न करती है। लोक संस्कृति को जिंदा रखने के लिए हमें हमारी परंपराओं और बोली-बानी को सहेजना ही होगा। इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को योगदान देना चाहिए। बघेली लोक-संगीत के संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसी शिक्षा पद्धति तैयार हो, जो हमारी युवा पीढ़ी तक आसानी से पहुंचे और इसका साहित्य उनके लिए आसानी से उपलब्ध हो। ये केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, इसमें लोक रस तो है ही, यह हमारी लोक संस्कृति की भी पहचान है।

कॉपीराइट : www.swayamsiddhaa.com

सार-समाचार

खुद करके फिर औरों को सिखलाया ऐसे महान व्यक्तित्व की धनीः राजयोगिनी

मकरोनिया, देशबन्धु। ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि कि पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणी कि 16 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। जहां पर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके छाया दीदी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दादी की विशेषताओं का वर्णन किया और कहा कि दादी जी ने ज्ञान और योग की गहराइयों को समझ कर उसे अपने अनुभव में उतारा वे अनुभवों की अथॉरिटी थी। बीके नीलम दीदी ने भी दादी जी की गुणों का वर्णन करते हुए कहा दादी जी की वाणी में पवित्रता व देवी मां स्वरूप की झलक हर पल दिखाई देती थी। दादी जी के नेतृत्व में संस्थान को 7 शांति पुरस्कार प्राप्त हुए साथ ही विश्व की पहली आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि बना जो संयुक्त राष्ट्र एवं आर्थिक एवं सामाजिक परिषद का परामर्शदाता सदस्य है इसे संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांतिदूत पदक से सम्मानित किया गया है। सभी भाई बहनों ने भी दादी जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

कांग्रेस कार्यालय में रात में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कराई एफआईआर दर्ज

केसली, देशबन्धु। नगर में आए दिन असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं आए दिन एक न एक घटना को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा कांग्रेस कार्यालय को निशाना बनाया गया। कांग्रेस कार्यालय के सामने लगा बोर्ड तोड़ दिया एवं फ्लेक्स फाड़ दिए। सुबह जब इसकी सूचना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह को मिली तो उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ थाना जाकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है एवं कहां की यदि पुलिस प्रशासन द्वारा आसामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो मैं सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ अनशन पर बैठूंगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

रुद्राभिषेक में उमड़ रहे श्रद्धालु कल होगा कृष्णाभिषेक

सागर, देशबन्धु। तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साप्ताहिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि रूद्री निर्माण और पूजन अभिषेक कल तक चलेगा कल रविवार को ही एकादशी पर्व पर रुद्राभिषेक के साथ श्री कृष्ण अभिषेक भी किया जायेगा, पार्थिव रूद्री निर्माण का समय 8 बजे से 11 बजे और पूजन अभिषेक का समय 11.30 से 1 बजे तक यथावत रहेगा। 28 अगस्त सोमवार को हवन पूर्णाहूति की जायेगी। शुक्रवार को कार्यक्रम के पांचवे दिन रूद्री निर्माण और पूजन अभिषेक में आरपी मिश्रा, केवी खरे, केपी गांधी, राघवेंद्र सिंह राजपूत, गीता शर्मा, आभा नायक, सुहागरानी साहू, रेखा दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कमिश्नर ने आदिवासी पोस्ट मेट्रिक छात्रावास का किया निरीक्षण

सागर, देशबन्धु। कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने सिरोंजा स्थित शासकीय आदिवासी पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें प्राप्त सुविधाओं की जानकारी ली। छात्रावास परिसर में प्राप्त गंदगी और अव्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने छात्रावास के विभिन्न कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रों के लिए उपलब्ध कराएं गए फर्नीचर और बिस्तर की भी जांच की। छात्रावास के शौचालय का भी उन्होंने निरीक्षण किया। छात्रावास में लगभग 25 विद्यार्थी रह रहे है।

क्षेत्रीय संचालक एवं सीएमएचओ ने किया बीना, खुरई अस्पताल का निरीक्षण

सागर, देशबन्धु। सिविल अस्पताल बीना का निरीक्षण क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवा डॉ. ज्योति चौहान एवं सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी द्वारा किया गया। साथ ही हॉस्पिटल में उपस्थित स्टाफ की बैठक ली एवं नाराजगी व्यक्त करते हुए समझाइस दी गई। सिविल अस्पताल खुरई मे निरीक्षण कर उपस्थित स्टाफ को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देश दिए।

कमिश्नर ने दुग्ध संघ के प्लांट का निरीक्षण किया

60-70 हजार लीटर प्रतिदिन महाराष्ट्र को भेजा जा रहा दूध

सागर, देशबन्धु। संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने सिरांजा स्थित बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ के प्लांट का निरीक्षण किया। दुग्ध संघ की विभिन्न यूनिट का अवलोकन कर उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने टेस्टिंग यूनिट, स्काडा यूनिट, ऑटोमेटिक प्लांट, पैकिग यूनिट, जांच इकाई, उत्पाद निर्माण इकाई, क्वालिटी कन्ट्रोल यूनिट का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. रावत ने कहा कि सांची दूध और उससे बने उत्पादों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ के उत्पादों में पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी वृद्धि हुई है। उन्होंने इस बात की भी सराहना भी की कि दुग्ध संघ द्वारा महाराष्ट्र के गोकुल डेयरी कोल्हापुर को प्रतिदिन 60 से 70 हजार लीटर दूध विक्रय किया जा रहा है। प्लांट में तैयार किये जा रहे दूध, दही, मख्खन, लस्सी, श्रीखंड, पेढ़ा और घी की निर्माण यूनिट को भी देखा। निरीक्षण के दौरान दुग्ध संघ के सीईओ हेमराज सिंह पटेल ने बताया कि बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ द्वारा संभाग के जिलों से प्रतिदिन 1.35 लाख लीटर दूध का संकलन किया जा रहा है। संभाग के सभी 6 जिलों में 40 से 45 हजार लीटर दूध प्रतिदिन वितरित हो रहा है। मप्र का सबसे लेटेस्ट एवं सुसज्जित ऑटोमेटिक प्लांट है। जिसकी क्षमता एक लाख लीटर से बढ़ाकर दो लाख लीटर की जा रही है। प्लांट में लस्सी, श्रीखंड, छैना रबडी, सांची पेढा, सांची घी, दही, छाछ, दूध प्रतिदिन उत्पादित कर विक्रय किया जा रहा है। प्लांट में 30 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए है, जिससे दूध की गुणवत्ता और बेहतर हुई है। सागर में 35 तथा संभाग में 72 सांची मिल्क पार्लर है। प्लांट में 26 शासकीय तथा 200 अन्य कर्मचारी कार्यरत है। दुग्ध संघ के अंतर्गत 780 दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

सागर, देशबन्धु। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर दीपक आर्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. जेएस धाकड़ जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एमएल जैन जिला टीकाकरण अधिकारी एवं समस्त मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. रोहित प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रभारी डीपीएम द्वारा गर्भवती पंजीयन की जानकारी दी जिसमें शत प्रतिशत करने का कहा गया। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिन ब्लाकों का पंजीयन कम हो रहा वह कार्य समीक्षा कर कार्य में सुधार लावे सभी का 90 प्रतिशत उपलब्धी लाने का प्रयास करें। कलेक्टर द्वारा समीक्षा दौरान डिलेवरी प्वाइंट पर डिलेवरी कम हो रही हैं जिसमें केसली, बरावठा में डिलेवरी कम हो रही क्या कारण है बीएमओ केसली ने बतलाया कि एचआर कम हैं। अनमोल पोर्टल पर एन्ट्री अनिवार्य रूप से की जाये कलेक्टर द्वारा समीक्षा दौरान एनआरसी में सेम के बच्चें भर्ती नहीं हो रहे, इसकी जानकारी दे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एमएल जैन ने दस्तक अभियान एवं मिशन इन्द्रधनुष अभियान में यू विन पोर्टल पर गर्भवती एवं बच्चों की जानकारी अनिवार्य रूप से भरी जावे मानीटरिंग कार्यक्रम की प्राईवेट सुपरवाईजरी से भी की जा रही हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 12 सितंबर से प्रारंभ होगा इस कार्यक्रम में 1 से 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली आयु अनुसार खिलाई जावेगी 15 सितंबर को मॉप अप दिवस होगा जिसमें अनुपस्थित छूटे हुये बच्चों को गोली खिलाई जावेगी। आरबीएसके कार्यक्रम की जानकारी सुरभि साहू द्वारा जानकारी प्रस्तुत की। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरे ने टेलीमेडीसन की जानकारी दी। कलेक्टर द्वारा केसली एवं जैसीनगर में टीबी के केस रेफर कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त की और प्राईवेट प्रैक्टिसनरों से भी जानकारी ली जाये। मलेरिया, एनसीडी, आईडीएसपी, लेप्रोस्सी परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी प्रभारी डीपीएम द्वारा प्रस्तुत की।

एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी

सागर, देशबन्धु। गोपालगंज थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर व्यक्ति से धोखाधड़ी की गई। आरोपियों ने फरियादी की पिनकोड जनरेट करने में मदद के बहाने कार्ड बदला और रुपए निकाल लिए। खाते से रुपए निकलने का मैसेज आया तो वारदात सामने आई। फरियादी ने गोपालगंज थाने पहुंचकर शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज के लैब टेक्नीशियन जयशंकर गौतम उम्र 42 साल बैंक से भेजे गए डेबिड कार्ड का पिनकोड जनरेट करने के लिए बीएमसी के गेट के सामने स्थित एटीएम पर गए थे। जहां पहले से दो युवक मौजूद थे। गौतम एटीएम में कार्ड का पिन जनरेट करने लगे। तभी पहले से मौजूद दोनों युवक मदद के बहाने पास आए और पिनकोड जनरेट करने में मदद करने लगे। इसी दौरान उन्होंने एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ देर बाद वह वहां से चले गए। युवकों के जाने के कुछ समय बाद लैब टेक्नीशियन गौतम के मोबाइल पर खाते से रुपए निकलने के मैसेज आए। बदमाशों ने 10-10 हजार रुपए दो बार एटीएम की मदद से खाते से निकाले। मैसेज मिलते ही गौतम ने तत्काल बैंक से एटीएम कार्ड लॉक कराया। जिसके बाद गोपालगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न, उन्नत खेती बनाने में कारगार साबित होगा जैविक खाद

शाहगढ़, देशबन्धु। कैरीतास इंडिया के अंतर्गत साफबिन परियोजना द्वारा रिसोर्स ट्रेनिंग एक दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद किसानों को सामेकित कृषि प्रणाली और जैव विविधता एवं प्राकृतिक खेती और जैविक खाद दवाइयां एवं पशुपालन को बढावा देने हेतु सुझाव दिये। मुख्य वक्ता मानव विकास सेवा संघ के संचालक थामस फादर फिलिफ ने किसानों को स्थानीय फसलों एवं प्राकृतिक खेती और पोषण वाटिका एवं वृक्षारोपण का महत्व बताया, साथ ही साथ जिला सदस्य गुलाबचंद जैन ने स्थानीय भाषा में लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरणा दी, साथ ही उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लघु उद्योग स्थापित कर खेती से प्राप्त उत्पादों का प्रशंस्करण करके रोजगार प्राप्त करने का प्रशिक्षण दिया, इसमें मानव विकास सेवा संघ के संचालक फादर थॉमस फिलिप और कारीतास इंडिया के अधिकारी प्रबल की मौजूदगी में कार्यक्रम किया गया। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी हर्षदीप सिंह यादव और कृषि विभाग से अधिकारी वीवी द्विवेदी, जिला किसान मंच के अध्यक्ष सचिव शामिल थे। साफबिन परियोजना अधिकारी संजीव तिवारी और कार्यकर्ता अमर सिंह यादव संतोष अहिरवार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहा।

मुख्यमंत्री द्वारा सुराज कॉलोनी योजना के शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखा व सुना

सागर, देशबन्धु। अनाधिकृत कॉलोनी में अधोसंरचना विकास एवं भवन अनुज्ञा प्रदाय करने हेतु शासन द्वारा बनाई गई सुराज कॉलोनी योजना का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जबलपुर में शुभारंभ किया गया जिसका लाइव प्रसारण नगर निगम सभाकक्ष में महापौर संगीता तिवारी, आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में कॉलोनीनाइजर, रहवासी संघो के सदस्यों की उपस्थिति में लाइव प्रसारण देखा व सुना। प्रसारण कार्यक्रम के पूर्व सभाकक्ष में उपस्थित पार्षदों, कालोनाईजर, रहवासी संघ के सदस्यों, कंसल्टेंट्स को संक्षिप्त में शासन द्वारा प्रारंभ की जा रही सुराज कॉलोनी योजना पर प्रकाश डालते हुए निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि शासन द्वारा 1998 में कॉलोनी में निवास करने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु नियम बनाए गये थे परंतु उनका ठीक तरह से पालन नहीं हुआ, उसके पश्चात सन 2022 में भी शासन द्वारा नियम बनाए गए, परंतु उनका भी ठीक तरह से पालन नहीं हुआ इसके फलस्वरुप कॉलोनी में रोड, नाली, पानी, लाइट आदि की समस्या होने के कारण यहां निवास करने नागरिकों को बहुत परेशानी होती थी, क्योंकि अवैध कॉलोनी में प्लांट तो ले लिया गया परंतु एमपीईवी और नगर निगम की एनओसी प्राप्त नहीं होने के कारण, मकान का नक्शा पास नहीं होता था इसलिए शासन द्वारा 2016 के पहले की जितनी भी अवैध कॉलोनिया थी उनको नियमित करने का फैसला लिया गया और कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिसके अंतर्गत सागर नगर निगम क्षेत्र में 2016 के पहले की 68 कालोनियां को नगर निगम द्वारा सर्वे कराकर चिह्नित किया गया था उसके पश्चात पुन सर्वे के द्वारा 29 कॉलोनियों को नियमित करने की कार्यवाही कर उनका नियमितिकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2022 तक की ही कॉलोनी को नियमितीकरण के नियम शासन से प्राप्त हुए इसलिए नागरिक 31 दिसंबर के बाद जो कालोनियां अस्तित्व में आई है उनमें प्लांट ना खरीदे अन्यथा संबंधित के खिलाफनियम अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जो कालोनियां नगर निगम द्वारा वैध की गई है उनके कॉलोनीनाइजर को प्रोविजनल प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए जिनके आधार पर वहां रहने वाले रहवासी अपने मकान के नक्शे पास करा सकते है।

जिले की आठों विधानसभा में भाजयुमो नव मतदाताओं को जोड़ने का अभियान शुरू

सागर, देशबन्धु। भाजयुमो द्वारा जिले की आठों विधानसभा में भाजयुमो जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूरे जिले में हजारों की संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष अग्रवाल ने भाजपा से जुड़े मतदाताओं को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि विकास और सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की नीतियों का परिणाम हमें देखने को मिल रहा है। प्रदेश में हो रहे विकास कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं व सरकार की सहायक नीतियों की वजह से प्रदेश का हर वर्ग उन्नति की ओर बढ़ रहा है। शिक्षा, नेतृत्व और उद्यमिता के क्षेत्र में स्टार्टअप इंडिया हो या नई शिक्षा नीति। युवाओं के लिए एक नए प्रतिमान स्थापित करने के नए अवसर मिले है। रोजगार पैदा करने वाले युवाओं की भागीदारी में वृद्धि हुई है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि आप भी प्रदेश के विकास में अपने सहयोग दें। ताकि मप्र और भी आगे बढ़ सके, क्योंकि अगर प्रदेश बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा दल है, जिसका उद्देश्य जनता की सेवा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और इसरो की टीम ने हाल में जो कर दिया है, वो कोई भी सरकार नहीं कर पाई। अटल बिहारी वाजपेई का जिक्र करते हुए कहा कि आज जो सड़कें गांव गांव में हैं, वह उन्हीं की देन है। भाजपा का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है। यश अग्रवाल ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र का प्राण तत्त्व है। वही उनकी गति है, स्फूर्ति है, चेतना है और आज है। युवाओं की प्रतिभा, तप, त्याग और गरिमा राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। युवा वर्ग पथ, संकल्प और सिद्धियां राष्ट्रीय पराक्रम और प्रताप के प्रतीक हैं। इसी युवा शक्ति को अब अपने ज्ञान के माध्यम से आकार देना है। भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ फिर से विजयी बनाना है। इस दौरान बड़ी संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 51 घंटे का चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

बांदरी, देशबन्धु। नगर परिषद बांदरी में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया है जिसमें नगर परिषद सीएमओ राजेश मेहतेले के निर्देशन में नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान सफल बनाए जाने को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की रात को राजेश महतेले ने नगर के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए सफाई कर्मचारियों को बेहतर सफाई करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सफाई व्यवस्था के तहत 51 घंटे निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, नगर परिषद के 113 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान व्यापारियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता भारत मिशन में बांदरी शहर को नंबर वन बनाने के निरंतर सफाई अभियान चल रही है रात के समय सफाई कर्मचारियों के द्वारा बाजार के नाले नालियों की सफाई के साथ सड़कों से कचरे का उठाव किया जा रहा है। नगर परिषद के कर्मचारी और अधिकारी शहर को स्वच्छता में पहले स्थान पर लाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

सफाई के लिए कर्मचारियों के साथ झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे सीएमओ

नगर में सफाई के लिए आजकल सीएमओ काफी सतर्क हो गये है सफाई के लिए स्वंय ही अपने अधिनस्त कर्मचारियों के साथ हाथो में झाड़ू लेकर सड़को पर उतर गये है, राजेश मेहतेले सड़को पर नगर परिषद के कर्मचारियों व अधिकारियो को अपने साथ में लेकर नगर के के बस स्टैंड स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से थाने तक में तकरीबन दो घंटे तक सफाई अभियान को चलाया।

नगर परिषद बनने के बाद विकास कार्यों में आई तेजीः सरोज सिंह

मालथौन, देशबन्धु। मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से मालथौन को नगर परिषद बनाया गया। जिसके बाद यहां आवास के हितग्राहियों को डेढ़ की जगह ढाई लाख रूपए का हितलाभ मिला है। नगर परिषद बनने के बाद यहां विकास कार्यों में तेजी आई है। यह उद्गार जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने विभिन्न सड़कों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने मालथौन के वार्ड क्र. 10 सीपुर खुर्द में 20 लाख रूपए लागत, वार्ड क्र. 11 के कुंवरपुरा में 28 लाख लागत, वार्ड क्र. 11 के बेसरा में 35 लाख रूपए लागत, वार्ड क्र. 4 में 32 लाख लागत, वार्ड क्र. 5 में 30 लाख लागत एवं वार्ड क्र. 6 में 2 करोड़ की लागत से विभिन्न स्थानों सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण कर चुकीं अनेक सड़कों का लोकार्पण भी किया। सरोज सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करा रहे हैं। प्रयास है कि शासन की हर योजना का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे।

भाजयुमो ने किया भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

बीना, देशबन्धु। भाजपा के प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान का शुभारंभ भाजयुमो द्वारा किया गया जिसमें नए मतदाता युवा वोटरों को भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित हेतु कार्यक्रम का आयोजन हुआ भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वैभव दुबे ने कहा कि 17 वर्ष से 25 वर्ष के मध्य जिनकी आयु हो गई है उन सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए घर-घर जाकर जागरूक करें। सभी नव मतदाताओं को राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए इस अभियान में सभी कार्यकर्ता अपनी भूमिका अदा करें। आज सभी को भाजपा कि कल्याणकारी एवं राष्ट्रवादी नीतियों को देखते हुए पार्टी से जुड़ने की आवश्यकता है। सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी जिला मंत्री भूपेंद्र राय ने युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जोर दिया। राष्ट्र का आने वाला भविष्य युवाओं के हाथ में है और युवा ही हमारे देश का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष आदिश शाह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ध्रुव पटेरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोशन रजक, महामंत्री निखिल तिवारी, विशाल राय, हेमंत सिंह लोधी सहित सभी मोर्चा कार्यकर्ता एवं नव मतदाता शामिल हुए।

पं. सुरेश पांडे का निधन



सागर, देशबन्धु। मप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के चालक रहे अहमद नगर वृंदावन वार्ड निवासी पं. सुरेश कुमार पांडे का 72 वर्ष की आयु में एम्स भोपाल में निधन हो गया। गोपालगंज मुक्तिधाम में उनके पुत्र मधुसूदन पांडे ने लोगों की भारी उपस्थिति के बीच उन्हें मुखाग्नि दी सभी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

द्वितीय नगर गौरव दिवस समारोह सम्पन्न

बीना, देशबन्धु। द्वितीय नगर गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका कार्यालय मे किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महेश राय एवं उन्नाव विधायक पंकज गुप्ता, अध्यक्षता लता सकवार अध्यक्ष नपा बीना, अंत्योदय समिति अध्यक्ष विजय हुरकट एवं समस्त सदस्य एवं सभापति एवं पार्षदों के द्वारा सरस्वती पूजन कर एवं दीप प्रज्जवलित कर नगर गौरव दिवस के आयोजन का शुभारंभ किया गया। म्यूजिक लर्वस आरकेस्ट्रा के द्वारा देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति की गई, राष्ट्रीय कवि लक्ष्मण नेपाली के द्वारा हास्यरस की कविताओं की प्रस्तुति की गई, समारोह में गुरूदेव पब्लिक स्कूल, बीबीएम स्कूल, सरस्वती शिशुमंदिर, पीजी कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई एवं शिवम ठाकुर ने यूपीएससी उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया, आदिति एवं राशि बिलगैया के द्वारा नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया, सभी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्त्योदय समिति के सभी सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

चालिहा का व्रत खत्म, बहराणा साहिब ज्योति विसर्जित की

आयोलाल झूलेलाल से गूंजा शहर, जगह-जगह हुआ स्वागत

सागर, देशबन्धु। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली द्वारा भगवान झूलेलाल का 40 दिन व्रत एवं महोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। शुक्रवार को धूमधाम से झूलेलाल चालीहा महोत्सव की पूर्णाहुति की गई। समापन पर सुबह 7 बजे चालिहा हाल में विजय लालवानी के भजनो ने नाचने पर मजबूर कर दिया तो वही 8.30 बजे भगवान झूलेलाल की आरती लालाराम मेठवानी द्वारा पलव पाकर देश में खुशहाली की अरदास की गयी। पूरे चालीस दिनों तक सिंधी समाज आस्था में डूबा रहा और आस्था कुण्ड का जल छिड़क कर अपने घरो को पवित्र किया। महिलाओ एवं युवतियों ने सिंधी शैज पर खूब डांस किया। प्रतियोगिताएं होती रही और सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। सुबह 8 बजे प.शिवा शर्मा ने हवन पूजन करके चालिहा का समापन्न कराया। सुबह 10 बजे बहराना साहिब की सवारी के साथ झूलेलाल जी की मूर्ति के समाज के लोगो ने दर्शन किये और आगे अखंड ज्योति बहराना साहिब की शोभायात्रा निकाली गई। मंडली के लालचंद मेठवानी ने बताया की शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से गीता भवन गली से होकर गुरुनानक कॉलोनी, कुकरेजा गली, मनवानी गली, शास्त्री वार्ड से होकर सिंधी गुरुद्वारा से झूलेलाल मंदिर दोप 1 बजे पहुंची शोभायात्रा में सिंधी समाज के लोगो ने अपने घरो की छतो से फूलो की वर्षा की और घरो के सामने बहराणा साहिब का स्वागत किया। दोप 2 बजे शोभायात्रा नया बाजार पहुंची वहा पर संस्थापक लालाराम मेठवानी ने सिंधी समाज की दुकानों पर अरदास कराकर रोजगार में बरकत देने की दुआ की और समाज ने अखंड ज्योति के दर्शन किये। इस अवसर पर नया बाजार व्यापारियों के अध्यक्ष भीष्म राजपूत ने सभी को आरती करवाई व शुभ सन्देश देते हुए कहा की हमारे सागर में लालू भैया ने जो 40 दिनों तक धर्म का वातावरण कायम किया है वे बधाई के पात्र है । शाम 5 बजे लालचंद मेठवानी ने पल्लव पाकर अरदास की और अखंड ज्योति को चितौरा नदी में विसर्जित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सार समाचार

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चौपाल लगाई

खजुराहो, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान हेतु मतदाता सूची में महिलाओं के कम लिंगानुपात को लेकर राजनगर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद पंचायत राजनगर के अंतर्गत मतदान क्र.114 ग्राम ढोंगी तथा ग्राम महिलवार में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चौपाल लगाई, जिसमें महिलाओं को 31 अगस्त तक अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने प्रेरित किया गया। चौपाल में 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाताओं की सूची का वाचन किया गया, जिनके नाम दर्ज नहीं हैं उनके नाम जुड़वाने ग्रामीणों से अपील की गई। इस दौरान निर्वाचन के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत राजनगर से ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता प्रचार वाहनों के स्पीकर द्वारा बुन्देली गीतों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिविर में ग्राम ढोंगी के 22 फार्म भरवाए गए जिनमें 16 महिलाओं तथा 6 पुरुषों के नाम शामिल रहे, जबकि ग्राम महिलवार में 6 नाम जोड़े गए जबकि 4 मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए।

अपर कलेक्टर ने घुवारा तहसील का किया अचैक निरीक्षण

घुवारा, देशबन्धु। गुरूवार की देर शाम जिला अपर कलेक्टर के द्धारा घुवारा तहसील का अचैक निरीक्षण करते हुये तहसीलदार ऋतु सिंघई से आगामी विधान सभा निवार्चन संबधी बात चीत करते हुये दिशा निर्देश दिये। प्राप्त जानकरी के मुताविक जिला अपर कलेक्टर गुरूवार को बडामलहरा अनुविभाग व घुवारा तहसील के ग्रामीण अंचलो के मतदान केन्द्रो के निरीक्षण पर निकले जहां बडमलहरा के ग्रामीण अंचलो के विधालयो मे स्थित मतदान केन्द्रो को देखते हुये स्कूल मे लगी क्लांसो को देखा साथ ही बच्चो से पढाई के बारे मे जामते हुये मध्यान भोजन का जायजा लिया तो वही सेधपा में वीएलओ द्वारा सत प्रतिशत नाम जोडने पर वीएलओ के कार्य की सराहना करते घुवारा तहसील का अचैक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ऋतु सिंघई से आगामी विधानसभा निवार्चन सबंधी मतदान केन्द्रो की बात चीत करते हुये तहसील के रिकार्ड की जांच की रिकार्ड सही पाये जाने पर तहसीलदार ऋतु सिंघई के कार्य की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नम;शिवाय अरजरिया के साथ बडामलहरा एसडीएम प्रशांत अग्रवाल मौजूद रहे।

मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइयों में असंतोष मानदेय बढ़ाने की मांग

छतरपुर, देशबन्धु। जिले के शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य करने वाली रसोईया महिलाओं ने भारतीय किसान संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा है।

भारतीय किसान संघ के विवेक जैन के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए महिलाओं ने कहा है कि प्रारंभ में रसोईयों को एक हजार रूपए प्रतिमाह दिए जाते थे। कुछ समय पहले प्रदेश सरकार द्वारा दो हजार रूपए दिए जाने लगे लेकिन इतने कम मानदेय में उनके परिवार का भरण-पोषण संभव नहीं हो पा रहा है। महज दो हजार रूपए पूरे परिवार का पालन-पोषण करने की आवश्यकताओं के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। रसोईयों ने प्रत्येक माह 12 हजार रूपए या कलेक्टर रेट से निर्धारित वेतनमान दिए जाने की मांग उठाई है। महिलाओं ने कहा है कि हमें भी अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह अनुकम्पा नियुक्ति सहित पेंशन आदि सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए।

महिलाओं का कहना था कि शालाओं में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए गैस चूल्हा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं ताकि हमें भी मध्यान्ह भोजन बनाते समय तमाम समस्याओं से जूझना न पड़े। ज्ञापन अवसर पर कुसुम सेन, सीता, रानी पाल, शोभा, कमला, बेनीबाई, मंजो, श्रीबाई, लीलाबाई, निर्मला, गुड्डी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया जाए

शुक्रवार को राजस्व अधिकारी संघ, अधीक्षक भू अभिलेख संघ एवं सहायक अधीक्षक भू अभिलेख की विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेख ने प्रदर्शन कर प्रमुख सचिव के नाम ज्ञापन एडीएम नमःशिवाय अरजरिया को सौंपा है। इस ज्ञापन कार्यक्रम में कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के सभी सदस्य शामिल रहे। राजस्व अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने मांग उठाई कि नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया जाए, प्रमोशन स्थायी हो और नियमित रूप से प्रमोशन की प्रक्रिया जारी रहे। तहसीलदार को जल्द ही नियमानुसार एसडीएम बनाया जाए साथ ही ग्रेड पे भी नियमित रूप से दिया जाए। यदि शासन स्तर से इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया जाता है तो आगामी 4 सितम्बर से सभी अधिकारी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन कार्यक्रम में तहसीलदार रंजना यादव, नायब तहसीलदार अभिनव शर्मा, भू अभिलेख अधीक्षक आदित्य सोनकिया सहित अन्य राजस्व अधिकारी शामिल रहे।

हमारी मांगे नहीं सुनती सरकार : लिपिक वर्ग

शुक्रवार को जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्ग कर्मचारियों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक कामबंद हड़ताल की। प्रांतीय आह्वान पर लिपिक वर्ग के संयुक्त मोर्चा में लघु वेतन कर्मचारी संघ, शासकीय वाहन कर्मचारी संघ, राज्य कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, राजस्व कर्मचारी संघ एवं पेंशनर्स संघ के कर्मचारी शामिल रहे। लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पटैरिया ने बताया कि संयुक्त मोर्चा की प्रमुख मांगों को लेकर सांकेतिक रूप से एक दिवसीय अवकाश लेकर प्रदर्शन किया गया है। लिपिक वर्ग की वेतन विसंगति, एनपीएस, पेंशनर्स का डीए, नियमितीकरण सहित 39 मांगो का निराकरण सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में वेतन विसंगति का मुद्दा व्यापक रूप से चल रहा है। लगातार आंदोलन के बावजूद सरकार हमारी मांगें नहीं मान रही है। श्री पटैरिया ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो कर्मचारी संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ने की तालाबंदी परेशान होते रहे लोग

छतरपुर, देशबन्धु। शुक्रवार को सरकारी दफ्तरों में तालाबंदी होने के कारण जिले भर से आए फरियादी परेशान रहे। शासकीय लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लेकर अपनी मांगों के लिए सांकेतिक हड़ताल की तो वहीं राजस्व अधिकारी संघ ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण न होने पर आगामी माह में तीन दिवसीय हड़ताल की चेतावनी दी है।

प्राचार्य से मिलने 10 दिन पहले लेनी होगी अनुमति

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ प्राचार्य का अजीब फरमान

बड़ामलहरा, देशबन्धु। हाई स्कूल सूरजपुराकलां के प्राचार्य से मिलने के लिए 10 दिन पहले अनुमति लेना पड़ेगी इसके बाद ही उनसे मुलाकात हो पाएगी। उन्होंने इस प्रकार की सूचना स्कूल के बाहर दीवार पर चस्पा की है। स्कूल में मीडियाकर्मियों का प्रवेश भी उन्होंने प्रतिबंधित किया है। प्राचार्य का यह आदेश सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

शासकीय हाई स्कूल सूराजपुराकलां में पदस्थ प्राचार्य बीपी पांडेय का आदेश चर्चा का विषय बन गया है। उनसे मिलने के लिए लोगों को 10 दिन पहले उनसे अनुमति लेना पड़ेगी तब कहीं जाकर उनसे मुलाकात होना संभव है। मीडिया कर्मियों के सवाल पर वह कहते हैं कि, शाला में शिक्षकों की कमी है जिससे काम का बोझ रहता है। इसके अलावा स्कूल में असामाजिक तत्व आ जाते हैं जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इस वजह से स्कूल के बाहर आदेश चस्पा किया है।

इधर संकुल प्राचार्य शंकर लाल राजपूत ने इस आदेश को गलत बताया है। उन्होंनें कहा कि, स्कूल संचालन में अगर किसी प्रकार का व्यवधान आता है या कोई असमाजिक तत्व परेशान करता है तो वह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं।

विधायक की जलाभिषेक पदयात्रा आज से

महाराजपुर, देशबन्धु। विधानसभा के युवा विधायक नीरज विनोद दीक्षित पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने क्षेत्र के निवासियों के अच्छे स्वास्थ्य और भरपूर जल वृष्टि की कामना के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर निकलेंगे जिसमें वह कुम्हेढ़ नदी से जल लेकर विभिन्न ग्रामों से होते हुए भगवान मतंगेश्वर धाम खजुराहो में जलाभिषेक करेंगे। विधायक श्री दीक्षित ने कहा कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र की सुख, शांति समृद्धि, की कामना को लेकर मेरे द्वारा यात्रा निकाली जा रही है।

यह जलाभिषेक पदयात्रा 26 अगस्त को उर्मिल नदी से जल लेने के उपरांत हनुमान मंदिर मझगवां से प्रारंभ होकर ग्राम गुंदारा, मनकारी, नाथपुर से होते हुए ग्राम पुतरी पहुंचेगी तथा यहीं पर रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद यात्रा के दूसरे दिन 27 अगस्त को यह यात्रा पिपट, विक्रमपुर, चौबर, पाय से होते हुए ग्राम रानीपुरा पहुंचेगी एवं रानीपुरा में ही रात्रि विश्राम होगा। यात्रा के तीसरे दिन रानीपुरा से प्रारंभ होकर राजनगर होते हुए खजुराहो पहुंचेगी जहां पर भगवान मतंगेश्वर का जलाभिषेक करने के साथ ही यात्रा का समापन होगा। तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस दौरान राजकुमारी कमलेश कुशवाहा, श्रद्धा मिश्रा, अरविंद बद्दू तिवारी, किरण, आशा, पाना, जशोदा, धनीराम सहित अन्य जनपद सदस्य मौजूद रहे।

युवक ने लगाई फांसी

छतरपुर, देशबन्धु। झांसी-खजुराहो फोरलेन पर सौंरा पहाड़ी के पास रहने वाले एक युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजन कैलाश कुशवाहा ने बताया कि बीती शाम वह घर पर था और मुझसे खाना बनाने की कहकर घर से निकल गया। सुबह सूचना मिली कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची डायल 100 ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

विधायक कप : कबड्डी प्रतियोगिता में 40 टीमों के बीच होगा मुकाबला

छतरपुर, देशबन्धु। मप्र शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की 40 टीमों के बीच बालक-बालिका डे-नाईट कबड्डी के मुकाबले शुरू हो गए हैं। दो दिनों तक चलने वाले इस खेल आयोजन का शुभारंभ सागर रोड पर स्थित खेलग्राम मैदान में किया गया। आयोजन का शुभारंभ विधायक आलोक चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने हुनर और अपनी लगन को बरकरार रखें। इस तरह के अवसर उन्हें आगे बढने का माध्यम देते हैं। उन्होंने कहा कि छतरपुर जिले के हर गांव में खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। सभी जनप्रतिनिधियों को ऐसे खिलाडियों के लिए अवसर बनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हमेशा खेलों के प्रति खिलाडियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाते हैं। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

पहले दिन खेलग्राम के मैदान में धमौरा-पिड़पा, टुडर्-मवासी, मलपुरा-महाराजगंज, बनगांय-कालापानी, सलैया-खरका, बंधीकला-कतरवारा, धौरा-कदारी, मौराहा-कदारी, मवासी-हमा, कूढ़-गोरा, कतरवारा-सटई रोड, धामची-भगवंतपुरा के बीच दिन के मुकाबले खेले गए। रात के समय भी कई टीमों के बीच रोमांचक मैच हुए। इन मुकाबलों में पिड़पा, मवासी, महाराजगंज, कालापानी, सलैया, बंधीकला, कदारी, गोरा, कतरवारा और धामची की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता एवं खेल प्रभारी शंकरलाल रायकवार ने बताया कि इस आयोजन में 25 और 26 अगस्त को विधानसभा क्षेत्र की 40 टीमों के बीच बालक-बालिकाओं के मैच होंगे, विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार रूपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में तीन हजार रूपए की राशि दी जाएगी। मुकाबलों के दौरान खेल एवं क्रीड़ा विभाग के सुरेश निगम, मान सिंह, नीरज पटेल, प्रदीप यादव ने सहयोग किया। आयोजन में कांग्रेस नेता अनीस खान, गुलाब यादव, कैलाश कुशवाहा, रमेश दुबे, देवेन्द्र यादव, हनीफ, सुशील शिवहरे, नितीश चतुर्वेदी, निखिल चतुर्वेदी, अवधेश सोनकिया, शिवप्रताप सिंह यादव, विवेक अग्रवाल, सुमित चौरसिया, मुकेश रावत, मनोज दुबे, निक्की पाठक, ब्रजराज तिवारी, रज्जू राजा उपस्थित रहे। मंच का संचालन सियाराम रावत ने किया।

गांव-गांव पहुँच रहे पूर्व विधायक ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

खजुराहो, देशबन्धु। पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंकर प्रताप सिंह बुन्देला मुन्नाराजा इन दिनों राजनगर विधानसभा क्षेत्र का जनसंपर्क कर रहे हैं। वे इस विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट की दावेदारी करते हुए आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुनने में जुटे हैं। शुक्रवार को उन्होंने एक बार फिर लगभग एक दर्जन ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए प्रयास किए। इस बीच जनता को संबोधित करते हुए मुन्नाराजा ने कहा कि प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई के रोग का एक ही निदान है और वह निदान है कांग्रेस की सरकार। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था पटरी से उतर गई है। सुधार के लिए हमें आने वाले चुनाव में कांग्रेस का साथ देकर कांग्रेस की सरकार बनानी चाहिए।

उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा कि राजनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के नेताओं के द्वारा सारे अवैध काम किए जा रहे हैं। जनता छोटे-छोटे काम को कराने के लिए भी रिश्वत देने के लिए मजबूर है। महंगाई के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है।

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में हमारी सरकार थी तब अधिकारियों की हिम्मत नहीं पड़ती थी कि वे जनता से रिश्वत मांग सकें लेकिन अब खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मुन्नाराजा ने शुक्रवार को पीरा, टिकुरी, कछयाना, छन्नपुरवा, कोंदरपुरा, गडर्पुरा, बराखेरा सहित एक दर्जन गांव का दौरा किया।

इस दौरान उनके साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष बहादुर सिंह बुन्देला, अवध अवस्थी, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, किशोरी शुक्ला, पंकज गुप्ता, पीयूष दीक्षित, जमुना पाल, बैजनाथ पाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, नारायण पटेल, भगवत यादव, चौबे चौधरी, लखन दुबे, बाबू तिवारी, जगदीश दुबे, राजेन्द्र तिवारी, प्रवीण जैन, बसंता अहिरवार, दरबारी बंसल, सुदामा दुबे, रविन्द्र द्विवेदी, देवकी तिवारी, राममूर्ति दुबे, प्रदीप दुबे, रामकृष्ण पटैरिया, गौरीशंकर मिश्रा, राहुल त्रिवेदी, राजाराम कुशवाहा, हरिश्चन्द्र आदिवासी, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

बिजली कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट

छतरपुर, देशबन्धु। अनुविभाग क्षेत्र नौगांव के ग्राम कीरतपुरा में चल रहे 33/11 केव्ही उपकेन्द्र के विद्युत निर्माण कार्य के दौरान बिजली कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर खंभे तोड़े जाने का मामला सामने आया है। नौगांव थाना पुलिस ने लगभग 7 आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कीरतपुरा में नया 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है। विगत 17 अगस्त को सुबह करीब 7 बजे निर्माणाधीन उपकेन्द्र के कार्य में बिजली कंपनी के कर्मचारी बालकृष्ण बबेले, ठेकेदार विपिन सिंह परिहार अपने अन्य कर्मचारियों मनोज रैकवार, जगदीश रैकवार, मुन्नीलाल रजक के साथ काम में जुटे हुए थे तभी ग्राम कीरतपुरा के मुकेश तनय बल्लू धोबी, राहुल तनय रामबक्श धोबी, रामबक्श तनय माले धोबी एवं नरेन्द्र तनय खेमचन्द्र धोबी मौके पर पहुंचे और उपकेन्द्र के लाइन कर्मचारी बालकृष्ण बबेले सहित अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने लगे। आरोपियों ने कर्मचारियों को कार्य करने से रोका और तार फेंसिंग निकाल दी। इतना ही नहीं बिजली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा खड़े किए गए खंभे तोडक़र आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। घटना की रिपोर्ट नौगांव थाने में विद्युत कंपनी के बालकृष्ण बबेले, विपिन सिंह परिहार द्वारा दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी मुकेश, राहुल धोबी, रामबक्श, नरेन्द्र, संदीप, श्रीमती टुरिया, कुमारी दस्सू के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं का मामला दर्ज किया है।

युवाओं को एक जगह पर खेल और पार्क का आनंद, स्विमिंग पूल की भी स्वीकृति

5 करोड़ की लागत से शहर में लाड़ली बहना पार्क की मिली सौगात

नौगांव, देशबन्धु। *शहर में बनने वाले आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त नए बस स्टैंड, लाड़ली बहना पार्क के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। स्वीकृत मिलते ही नगर पालिका के द्वारा डीपीआर, ड्राइंग तैयार कर टेंडर प्रक्रिया जल्द होने वाली है।*

बीते 5 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने विकास पर्व यात्रा में जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान जनता की मांग पर शहर में एक सर्वसुविधा युक्त, आधुनिक बस स्टैण्ड बनाने की घोषणा की थी इसके साथ ही लाड़ली बहना पार्क बनाने का भी वादा अपनी बहनों से किया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के ठीक 18 दिन बाद संचालन नगरीय प्रशासन द्वारा अमल में लाते हुए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के साथ ही पांच करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत कर दी है। शीघ्र ही इसकी टेंडर प्रक्रिया के बाद भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जैसे जैसे शहर की आबादी बढ़ रही वैसे वैसे दो तीन समस्या सामने आ रही थी। शहर को एक आधुनिक बस स्टैण्ड की आवश्यकता महसूस हो रही थी। यह प्रयास लंबे समय से किये जा रहे थे। इसके बाद विकास पर्व में जनदर्शन के दौरान 5 अगस्त को आए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आमसभा के दौरान सर्वसुविधा युक्त नवीन बस स्टैण्ड, बहनों में लिए लाड़ली बहना पार्क बनाने की घोषणा की थी। नगरीय प्रशासन के ओएसडी भरत यादव द्वारा 18 अगस्त को एक पत्र जारी किया। उनके द्वारा स्पष्ट किया मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण राज्य घोषणा के अंतर्गत निकाय को पांच करोड़ से अधिक की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें नौगांव में सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड बनाया जाएगा इसके लिए तीन करोड़ 80 लाख रूपये स्वीकृत कर दिये है। इसी तरीके से एक मांग और बड़े समय से उठ रही थी कि एक ऐसा ग्राउण्ड होना चाहिए जहां पर खेलो के साथ बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओ सभी को स्थान मिल सके। उसके लिये मुख्यमंत्री ने शहर में लाड़ली बहना पार्क बनाये जाने की घोषणा की। इसके लिये एक करोड़ पच्चीस लाख की राशि की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। कह सकते हैं, इन 18 दिनो में शहर को पांच करोड़ से अधिक की सौगात मिल चुकी है।

कैसा होगा लाड़ली बहना पार्क –

लोक निर्माण विभाग के अधीन नौगांव क्लब की जमीन पर लाड़ली बहना पार्क बनाया जायेगा। इसके लिये सवा करोड़ रूपये मुख्यमंत्री की घोषणा पर प्रदेश शासन ने स्वीकृत करा दिये। चूंकि यह शहर की पहली कोई विशाल जगह होगी जो महिलाओ के नाम पर रखी जायेगी। यहां पर उनकी सुरक्षा के लिये क्लब की बाउंड्री दस फिट से ऊपर तक की बनायी जायेगी।

एक आलीशान गेट वर्तमान जगह पर जो जगह है उसमें फुब्बारा, गार्डन के साथ पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। ओपिन जिम को और बेहतर करके उसका कायाकल्प होगा। लॉन टेनिस जिसका आज तक उपयोग नहीं हुआ उस पर बैडमिंटन कोर्ट बनाया जायेगा। कलब के मेन गेट के पास स्थित जमीन पर आधुनिक स्वीमिंग पुल निर्मित होगा। जिसमें बड़ो और बच्चो के लिये अलग स्थान होग। इसके साथ सामुदायिक शौचालय, कपड़े बदलने का स्थान बनाया जायेगा। मैन क्लब के गेट के बाईं तरफ महिलाओं ओर बच्चो के लिये झूले लगेंगे और दाई तरफ क्रिकेट खिलाडियो के लिये टर्फ विकेट बनाकर नेट लगाया जायेगा।

स्वर्गीय राजेन्द्र कौशिक के द्वारा यहां पर बच्चों के लिये क्रिकेट सिखाने के गुरूमंत्र उनकी ही याद में यह क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। इसके साथ ही समूचे मैदान में गाजर घास हाटकर आधुनिक हरी घास लेवल मिलाकर लगायी जायेगी। साथ में बाउंड्री के किनारे एक्यूप्रेशर और पेवर्स घूमने के लिये महिलाओं और बुजुर्गो के थकने की स्थिति में बीच मे बैठने की व्यवस्था भी दीवार के किनारे की जायेगी। क्लब के पीछे जहां टेबिल टेनिस खेलने की जगह पर वहां पर आधुनिक टेबिल टेनिस भवन बनाया जायेगा। आधुनिक लाईटो के साथ गार्डन की शक्ल लेकर लाड़ली बहना पार्क होगा

इनका कहना है

शहर की जनता की मांग पर मुख्यमंत्री जी द्वारा जो घोषणा की थी, उसकी स्वीकृति मिल गई है। औपचारिकता पूरी करके शीघ्र ही 5 करोड़ की लागत से नवीन बस स्टैण्ड और लाड़ली बहना पार्क का निर्माण शुरू होगा।

अनूप तिवारी, अध्यक्ष, *नगर पालिका परिषद, नौगांव*

ग्रीस से लौटने के तुरंत बाद पीएम मोदी 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे।

चुनाव तक हमें चांद चाहिए!



पुष्परंजन

पूरा देश मदमस्त है। होना भी चाहिए। मोदी जी के नेतृत्व में इतनी बड़ी सफलता। रूस कभी साउथ पोल पर रचना चाहता था इतिहास, उसे भारत ने पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान वालों के सीने पर सांप लोट रहा है। वाघा बॉर्डर पार इतना सन्नाटा क्यों है भाई? इत्थे देखो। यहां अब कोई टमाटर का भाव नहीं पूछेगा। यदि किसी करमजलिये ने टमाटर-प्याज़-पेट्रोल का भाव पूछा, भक्तजन चांद दिखा देंगे। वोटरों को जून 2024 तक चांद दिखाते रहेंगे। साथ में दिखायेंगे पीएम मोदी की ऊंगली, जिसके ज़रिये लांचिंग के समय वो छाये रहे। साउथ पोल पर संपूर्ण लैंडिंग क्यों देखे देश? बीच ब्राड कास्टिंग मोदी की इंट्री चाहिए ही।

लेकिन सबसे हरामखोर निकले उनके टुकड़ों पर पलने वाले गोदिये। वर्चुअल स्टूडियो में तूफान लाने और छाते के साथ एंकरनी प्रस्तुत कर सकते हैं, चांद पर पीएम मोदी को लैंडिंग करते दिखा देते, तो तेरा क्या जाता कालिये? लाखों रुपये के वर्चुअल स्टूडियो ऐसे ही चंपक कार्यक्रमों के लिए निर्मित किये जाते हैं। साउथ पोल पर घूमते-टहलते, शोधपूर्ण मुद्रा में देखकर भक्त और विभोर होते। मीडिया के मालिकान नंबर बनाते, मगर मूर्खों ने पानी फेर दिया।

किसी दिलजले ने पूछा, चांद की रेस में भारत रूस से आगे निकल भी गया, तो देश के आम आदमी को क्या मिला? भक्त बता सकते हैं कि यहां का किसान चांद पर टमाटर बोयेगा, होम डिलीवरी वहीं से होगी। केवल पांच रुपये किलो। दिलजलों को इससे मतलब नहीं कि 600 करोड़ के चंद्रयान-3 मिशन से अंतरिक्ष से भारतीय सीमा की निगरानी के अलावा अनुसंधान के क्षेत्र में हमें क्या उपलब्धियां हासिल होनी है। वो तो फूंके पड़े हैं। कोई भूल-चूक हुई, तो मोदी के गुब्बारे में पिन मारने को चौचक बैठे हैं।

चंद्रयान अभियान से नफरतियों को ख़ुराक देने वाले अखबारों-चैनलों ने बताना शुरू किया कि चांद पाकिस्तान के झंडे पर उकेरा हुआ है। बात दूर तलक गई, उसका धार्मिक एंगल भी ढूंढ लिया कि चांद को पवित्र मानते हो, तो वहां हमने झंडे गाड़ दिये मोदी जी के नेतृत्व में। चांद के बहाने नफरत फैलाओ, और वोट का ध्रुवीकरण करो। अब इन अनपढ़ नफ़रतियों को कौन बताये कि अकेले पाकिस्तान नहीं, दुनिया के दस और देश अपने झंडों में चांद का इस्तेमाल करते हैं। उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, तुर्की, ट्यूनिशिया, उत्तर-पश्चिमी अफ़्रीक़ी देश मॉरिटेनिया, मालदीव, मलयेशिया, कोमोरोस, अज़रबैजान और अल्जीरिया को भी याद कर लो व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी वालों। चांद तो हिंदू बहुल राष्ट्र नेपाल के झंडे में भी है। उसका क्या करोगे? उनके ध्वज में ऊपर चांद है, और नीचे सूरज।

एक ख़बर यह आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन और ग्रीस से भारत लौटने के तुरंत बाद 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। पीएम मोदी इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ के साथ-साथ वैज्ञानिकों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री हैं, तो उनका वहां जाना और पूरी टीम को चंद्रयान-3 की सफलता के लिए धन्यवाद देना बनता है। लेकिन इसका राजनीतिकरण डराता है। चुनावी कालखंड है, तो इसरो की उपलब्धियों से राजनीतिक मंच निरापद रहे, वो भी नरेंद्र मोदी के रहते? नेति-नेति।

प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समय कहा था कि यह विकसित भारत का शंखनाद है। भारत की यह उड़ान चंद्रयान से भी आगे जाएगी। पीएम ने इस दौरान सूर्य मिशन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसरो आदित्य एल-1 मिशन भी लॉन्च करेगा, जिससे सूर्य का विस्तृत अध्ययन किया जा सकेगा। इसके बाद शुक्र और सौरमंडल के सामर्थ्य को परखने के लिए दूसरे अभियान भी आरंभ किए जाएंगे। ऐसी घोषणा के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी के शैदाई दावा कर सकते हैं कि पूरे ब्रह्मांड में वो अकेले नेता हैं, जो सौर मंडल के हर ग्रह-उपग्रह पर वैज्ञानिक शोध कराने की क्षमता रखता है। अजेय-अभूतपूर्व।

प्रधानमंत्री ने जोहान्सबर्ग में कहा था, 'अब चांद से जुड़े मिथक भी बदल जाएंगे। नई पीढ़ी के लिए कहावतें पुरानी पड़ जाएंगी। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा दूर के... लेकिन अब लोग कहेंगे चंदा मामा बस एक टूर के...' मोदी ने अपने भाषण में देश के पहले मानव मिशन गगनयान की भी जानकारी दी। बताया कि इसके लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। मोदी से पहले के प्रधानमंत्री वैज्ञानिक मिशन के मामले में चुप रहा करते थे, यहां मुट्ठी खोलने में देर नहीं लगती।

मगर, सवाल यह है कि जिन वैज्ञानिकों के बूते भारत अपना भाल ऊंचा कर रहा है, क्या उनके काम करने की परिस्थितियां और उनके हालात सही चल रहे हैं? 2022 को ही आधार मान लेते हैं, जब इसरो में 16 हज़ार 786 लोग काम कर रहे थे। इसरो की जय-जय कर रही सरकार से कोई पूछे कि 2023-24 के बजट में इस महकमे के वास्ते आबंटित राशि में आठ प्रतिशत की कटौती क्यों कर दी गई? पहले वाले बजट में 13 हज़ार 700 करोड़ को कम कर 12 हज़ार 542.91 करोड़ कर देने के पीछे की वजहें वित्त मंत्री ने स्पष्ट नहीं किया था।

चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद अपनी पीठ ठोकने वाली सरकार ने विगत नौ वर्षों की रिपोर्ट कार्ड जारी कर दी। रिपोर्ट कार्ड का लब्बो-लुआब यह है कि नौ साल की अवधि में इसरो के ज़रिये 389 विदेशी सेटेलाइट लांच किये गये थे, जिससे 3 हज़ार 300 करोड़ की आय हुई थी। सरकार का कहना है कि 2014 से पहले केवल 35 विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किये गये थे। मोदी से पहले 2013-14 में अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट केवल 5 हज़ार 615 करोड़ आबंटित था।

मतलब, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में पीएम मोदी का महान अवदान रहा है। उनके पहले वाले, जितने महानुभाव प्रधानमंत्री बने, 7 रेसकोर्स रोड पर झाल बजा रहे थे। चैनलों और न्यूज़ एजेंसियों के ज़रिये नौ साल के कालखंड में अपने देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों को जिस तरह से बघारा गया है, ऐसा लगता है कि उससे पहले अक्खा देश आदिम अवस्था में था। पब्लिक तन पर पत्ते ढंक कर काम चला रही थी।

मोदी सरकार की रिपोर्ट कार्ड से इसरो में काम कर चुके वैज्ञानिकों के मनोबल पर क्या असर पड़ेगा, यह भी सोचने की बात होगी। विक्रम साराभाई, एमजीके मेनन, यूआर राव, के. कस्तूरीरंगन, जी. माधवन नायर और के. राधाकृष्णन (जो पीएम मोदी के ज़माने में अपनी सर्विस के बाक़ी आठ माह जैसे-तैसे निकाल पाये थे), जैसे नामचीन वैज्ञानिकों को केवल 35 फॉरेन सेटेलाइट्स लांच करने का श्रेय दिया जाएगा? मोदी सरकार ने विज्ञप्ति के ज़रिये अपना तो बघार लिया, मगर देश के नामी-गिरामी वैज्ञानिकों के परफॉरमेंस पर बड़ा सा प्रश्न चिह्न चिपका दिया।

ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे। 1 जनवरी 2015 को शैलेश नायक इसरो के प्रमुख बने, 12 जनवरी 2015 को ख़बर आई कि वो इस्तीफा दे चुके हैं। इसरो में सबसे कम अवधि तक कुर्सी पर रहने का इतिहास रच गये शैलेश नायक।

प्रधानमंत्री के अधीनस्थ अंतरिक्ष विभाग देश का अकेला मंत्रालय है, जिसका मुख्यालय दिल्ली नहीं, बंगलुरू है। 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने होमी जे भाभा के ज़िम्मे अंतरिक्ष अनुसंधान व बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग का ज़िम्मा सौंपा। परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना भी होमी जे भाभा ने की थी। 1962 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) की स्थापना हुई थी। उसी वर्ष तिरुवनंतपुरम के पास थुम्बा भूमध्यरेखीय रॉकेट लांचिंग स्टेशन (टर्ल्स) पर भी काम शुरू हुआ। उसके सात साल बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना, अगस्त 1969 में की गई। जून 1972 में अंतरिक्ष विभाग अस्तित्व में आया, और सितंबर 1972 में अंतरिक्ष विभाग के तहत 'इसरो' को लाया गया।

अंतरिक्ष विभाग और इसरो मुख्यालय का सचिवालय न्यू बीईएल रोड, बंगलुरु के अंतरिक्ष भवन में स्थित है। इसरो का मुख्य काम उपग्रह संचार, राकेट व उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष विज्ञान, आपदा प्रबंधन सहायता, प्रायोजित अनुसंधान योजना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग व सुरक्षा समन्वय को आगे बढ़ाना है। 2014 से पहले क्या किसी सरकार ने इसरो का इस्तेमाल चुनावी प्रचार या जनमत को प्रभावित करने में लगाया है? यह भी खोज का विषय है।

हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में ख़ुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं। अपने देश के वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में मारे गये हैं, उनमें होमी जे भाभा, लोकनाथन महालिंगम, उमा राव, रवि मूले, एम.अय्यर, केके जोशी, अभीष शिवम, उमंग सिंह, पार्थ प्रतिम बग, मुहम्मद मुस्तफा, टाइटस पॉल, दलिया नायक जैसे बहुतेरे नाम हैं।

बहस इस पर भी होनी चाहिए जो वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में जान गंवा बैठे, उनकी सही दिशा में जांच क्यों नहीं हुई? एक वैज्ञानिक की रहस्यमय मौत का मामला देश की प्रतिरक्षा से भी जुड़ा होता है। 24 जनवरी 1966 को होमी जे भाभा की मौत स्विट्ज़रलैंड में माउंट ब्लांक की वादियों में एयर इंडिया की फ्लाइट 101 के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई थी। इसके पीछे किन शक्तियों का हाथ रहा था? उस रहस्य से आजतक पर्दा नहीं उठ पाया। जनवरी 2023 में ख़बर आई कि इसरो के श्रीहरिकोटा केंद्र में तीन दिनों में तीन लोगों ने ख़ुदकुशी कर ली, जिनमें से दो सीआईएसएफ के जवान थे!

pushpr1@rediffmail.com

> **हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में ख़ुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं।**

बीता सप्ताह

19 अगस्त

- भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरानम संगादुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए मात्र तीन उम्मीदवारों में शामिल किए गए।
- कोलंबिया में 6.1 तीव्रता वाले भूकंप आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।
- मलेशिया में एक निजी जेट दुर्घटनाग्रस्ता हो जाने पर 10 लोगों की मौत हो गई।
- नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सभी के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।

20 अगस्त

- महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' से सम्मानित किया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा-आदित्य एल-1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने कहा- भारत में जी-20 की 60 वीं बार बैठक में शामिल होने का नया कीर्तिमान बनाया।
- राहुल गांधी ने लेह से पेंगांग झील तक बाइक से सफर किया।

21 अगस्त

- पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब के हफीजाबाद में एक बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई।
- भारत की अनहत सिंह ने 30 वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- छत्तीसगढ़ के निर्वाचन कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं।
- उत्तराखंड गंगोत्री नेशनल हाइवे में एक बस 50 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से 8 लोगों की मौत हो गई।

22 अगस्त

- सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को 28 सप्ताह के भ्रूण को गर्भपात कराने की अनुमति दी।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग की जारी रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर रेलवे व बैंक- दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे।
- तुर्की में एक बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई।
- राज्य सभा में नौ नए सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली।

23 अगस्त

- ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे।
- सुप्रीम कोर्ट ने हत्या करने के प्रयास मामले में लक्षद्वीप के लोकसभा सांसद मोहम्मद फैजल दोषसिद्धि और सजा को निलंबित करने वाले केरल उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर पुनर्विचार करने का आदेश दिया।
- राष्ट्रीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी लेह में सेना के पूर्व अधिकारियों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।
- चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने जोहान्सबर्ग पहुंचे।

24 अगस्त

- 23 अघस्त 2023 की शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरा।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर शहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तीन साल के लिए चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के रूप में कार्य करेंगे।
- मिजोरम के सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 26 लोगों की मौत हो गई।

25 अगस्त

- छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना को यूपी सरकार ने किया पुरस्कृत।
- ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल हुए, अर्जेंटीना, भिति, हथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुकत अरब अमीरात (यूएई)।
- 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अतलू अर्जुन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी सरदार उधम।
- भारतीय कुश्ती महासंघ को यूनाइटेड एतर्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव नहीं करने के कारण निलंबित कर दिया।

क्या 'विकास' से बच पाएंगे हिमालयी राज्य?

■ प्रमोद भार्गव

लगता है, 2013 की केदारनाथ त्रासदी से लेकर हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही मौजूदा तबाही तक, नीति-नियंताओं ने कोई सबक नहीं लिया है। नतीजतन चार दिन की बारिश, 112 बार हुए भूस्खलन और पांच बार फटे बादलों से जो बर्बादी हुई उसमें 71 लोग मारे गए। इस मानसून में अब तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 327 लोगों को आपदाओं ने लील लिया, 1442 घर जलधाराओं में विलीन हो गए और 7170 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां धराशायी हो गईं। हिमाचल में एक साथ करीब 950 सड़कों पर आवाजाही बंद पड़ी है। बद्री-केदारनाथ राजमार्ग भी ठप्प है।

इस तबाही के असली कारण समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में 'जल-विद्युत संयंत्र' और रेल परियोजनाओं की जो बाढ़ आई हुई है, वह है। इन परियोजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र से रेल गुजारने और कई छोटी हिमालयी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित पहाड़ दरकने लगे हैं।

हिमाचल प्रदेश के समरहिल स्थित शिवबाड़ी मंदिर में जो तबाही दिखी, वैसी ही पिछले साल उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में भी दिखाई दी थी। इस शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा था। 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों ने बारह दिनों में जोशीमठ के 5.4 सेंटीमीटर धंस जाने की चिंता जताई थी। इन प्रामाणिक सच्चाईयों को छिपाने के लिए 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' और उत्तराखंड सरकार ने 'इसरो' समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिए थे कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करें। नतीजतन 'इसरो' की बेवसाइट से धरती के धंसने के चित्र हटा दिए गए।

सरकार का यह उपाय भूलों से सबक लेने की बजाय उन पर धूल डालने जैसा था। जब धरती को हिलाकर हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र नाजुक बना दिया गया है और घरों में दरारें पड़ने के साथ आधारतल तक धंस रहे हैं, तब लोगों की जीवन-रक्षा से जुड़ी सच्चाईयों को क्यों छुपाया गया? दरअसल भारत सरकार और राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद हठपूर्वक पर्यावरण के विपरीत जिन विकास परियोजनाओं को चुना है, उनके चलते यदि लोग अपने गांव और आजीविका के संसाधनों को खो रहे हैं, तो ऐसी परियोजनाएं किसलिए और किसके लिए बनाई जा रही हैं?

रेल और बिजली के विकास से जुड़ी कंपनियां दावा कर रही हैं कि धरती निर्माणाधीन परियोजनाओं से नहीं धंस रही है, लेकिन किन कारणों से धंस रही है, इसका उनके पास कोई उत्तर नहीं है। 'केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय' का 'नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन' जो इस क्षेत्र में 'तपोवन-विष्णुगढ़ जल-विद्युत परियोजनाओं' का निर्माण कर रहा है, ने दावा किया है कि इस क्षेत्र की जमीन धंसने में उसकी परियोजनाओं की कोई भूमिका नहीं है।

उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ रुपयों की 'जल-विद्युत परियोजनाएं' निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए नींव के गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जा रहे हैं। अभियंता कंप्यूटरों पर 90 डिग्री पर पहाड़ काटने का नक्शा बना रहे हैं, जबकि मौके पर जाकर पहाड़ की स्थिति को जानने की जरूरत है।

कई जगह सुरंगें बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों को खोखला कर देता है। पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं। यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट भी हिमालय को हिला देते हैं।

हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। सबसे बड़ी रेल परियोजना के कारण उत्तराखंड के चार जिलों (टेहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। यहां के छह हजार परिवार विस्थापन की चपेट में आ गए हैं। यह तो शुरूआत है, लेकिन यदि विकास इसी तरह जारी रहता है तो बर्बादी का नक्शा बहुत विस्तारित होगा। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक की रेल परियोजना 125 किमी लंबी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बाकी जो 15 सुरंगें बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं।

इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ की बजाय अब पीपलकोठी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद 'रेल विकास निगम' ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोठी कर दिया है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में होने वाले विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़ें भी हिला रहे हैं। अन्य जिलों के श्रीनगर, मलेथा, गौचर ग्रामों के नीचे से सुरंगें निकाली जा रही हैं। इनमें किए जा रहे धमाकों से घरों में दरारें आ गई हैं।

उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की 'ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना' ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन परियोजनाओं ने खतरों की नई सुरंगें भी खोद दी हैं। उत्तराखंड के सबसे बड़े पहाड़ी शहर श्रीनगर के नीचे से भी सुरंग निकल रही है। नतीजतन धमाकों के चलते 150 से ज्यादा घरों में दरारें आ गई हैं। पौड़ी जिले के मलेथा, लक्ष्मोली, स्वोत और डेवली में 771 घरों में दरारें आ चुकी हैं।

रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।

उत्तराखंड भूकंप के सबसे खतरनाक 'जोन-5' में आता है। कम तीव्रता के भूकंप यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं निरंतर हो रही हैं। पहाड़ों के दरकने के साथ छोटे-छोटे भूकंप भी देखने में आ रहे हैं। बीते सात सालों में इन राज्यों में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। यहां 'जल-विद्युत' और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

टिहरी पर बंधे बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान तक चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक हिदायतें देते रहे कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियां भी अस्तित्व के संकट से जूझेंगी, लेकिन हमेशा की तरह 'विकास-वादियों' ने किसी की नहीं सुनी। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आज इसी जिद का खामियाजा भुगत रहा है।

(स्वतंत्र लेखक और पत्रकार हैं।)

> **रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।**

कृषि नीति के बुने जाल में उलझा है देश

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि वह इस साल अतिरिक्त दो लाख टन प्याज खरीदेगी। इससे इस साल बफर स्टॉक का लक्ष्य तीन लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो जाएगा। खास बात यह है कि यह घोषणा 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाए जाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। सीधे शब्दों में कहें तो सरकार ने निर्यात को प्रभावी ढंग से घटाकर स्थानीय आपूर्ति में वृद्धि की जिससे कीमतें गिर गईं और फिर वह अपने बफर स्टॉक को बढ़ाने के लिए सस्ते प्याज का भंडारण कर रही है। क्या इससे बाजार तंत्र में दखलदांजी की बू नहीं आती? क्या ऐसा नहीं लगता कि इससे प्याज उत्पादक किसान सरकार को कम कीमत पर प्याज बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं? क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं है? एक पूर्व कृषि मंत्री ने यह कहकर निर्यात कर की आलोचना की है कि इससे निश्चित रूप से किसानों को नुकसान पहुंचेगा। ये पूर्व मंत्री एक ऐसे राज्य से आते हैं जो देश के एक तिहाई प्याज की आपूर्ति करता है। किसान पहले से ही निर्यात कर के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं लेकिन इस आंदोलन का फायदा नहीं हुआ।

वैसे कृषि उत्पादों के बाजार तंत्र में इस तरह के मनमाने हस्तक्षेपों की किसानों को आदत है। इस सप्ताह प्याज की महंगाई दर 19 प्रतिशत है। यह दर सरकार के लिए चिंताजनक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घरेलू बजट में प्याज का हिस्सा बहुत थोड़ा होता है पर प्याज की कीमतें नेताओं की आंखों में आंसू ला सकती हैं और इतिहास गवाह है कि प्याज की कीमतों की अनियमितता के कारण सरकारें गिरी हैं। मोदी सरकार द्वारा सितंबर 2020 में संसद में प्रस्तावित कृषि कानूनों को याद करें। इन तीन कानूनों में से एक में कीमतों को पूरी तरह से नियंत्रण मुक्त करने और स्टॉकिंग सीमा को हटाने का प्रस्ताव किया गया था। इसके अलावा, निर्यात या आयात पर मनमाने ढंग से प्रतिबंधों को नियंत्रण मुक्त करने की भी पेशकश थी। जब कृषि कानून पेश किए गए थे तो उसी सप्ताह बांग्लादेश में प्याज के निर्यात कार्गो ले जा रहे जाने वाले कई ट्रकों को सीमा पर रोक दिया गया था जिसके कारण किसानों को प्याज की कीमतों में वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका। एक तरफ निर्यात रोकने और दूसरी तरफ कृषि बाजारों को नियंत्रण से मुक्त करने की मांग जैसी ये मिश्रित कार्रवाइयां बेईमानी के संकेत देती हैं।

अभी जब हम टमाटर की अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं तो उन परिस्थितियों में शायद प्याज पर वर्तमान निर्यात कर एक निरोधक उपाय है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ (नेफेड) अपने बफर स्टॉक में पहले ही 15 लाख टन से अधिक टमाटर खरीद चुके हैं। टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलो तक बढ़ने के कारण वे इन्हें रियायती दरों पर बेच रहे हैं। इस सब्सिडी का भुगतान कहां से किया जाता है? मुद्रास्फीति की भड़की आग को बुझाने के लिए भारत ने नेपाल और शायद अन्य देशों से भी टमाटर का आयात किया है। कितना टमाटर आयात किया है, इसके बारे में जानकारी नहीं है। खुदरा मुद्रास्फीति 7.5 प्रतिशत पर चल रही है जो भारतीय रिजर्व बैंक की उदार सीमा 6 प्रतिशत से काफी ऊपर है। मतलब टमाटर मुद्रास्फीति पैदा करने वाले मुख्य खलनायकों में से है। हालांकि सब्जियों के मूल्यों से उत्पन्न मुद्रास्फीति मौसमी और स्वभावत: चंचल होती है लेकिन यह जबरदस्त तरीके से मीडिया का ध्यान आकर्षित करता है।

एक और कृषि उत्पाद पर चर्चा करते हैं। भारत ने जुलाई में गैर-बासमती सफेद चावल और टूटे हुए चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। सभी प्रकार के चावल निर्यात का यह कुल 45 प्रतिशत हिस्सा है। इस फैसले ने हमारे कई व्यापारिक भागीदारों को परेशान कर दिया है जिसके कारण भारत एक गैर भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता की तरह नजर आता है। भारत से चावल के आयात पर निर्भरता अफ्रीका और एशिया में कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। क्या सरकार खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित थी? प्रकट रूप से नहीं। तब निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का क्या कारण हो सकता है? प्रथम दृष्टया यह इथेनॉल निर्माताओं के हितों की रक्षा करने के बारे में लगता है। अनुमानत: 30 लाख टन इथेनॉल बनाने के लिए 50 से 60 लाख टन टूटे हुए चावल का प्रयोग होता है। इसलिए निर्यात प्रतिबंध से कार इंजनों के लिए इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ जाती है लेकिन यह उपलब्धता चावल उत्पादक किसान के मुनाफे की कीमत पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चावल की कीमतें पिछले 10 वर्षों के उच्च स्तर पर हैं और यह किसानों के लिए लाभ कमाने का एक अच्छा अवसर है, परन्तु जब कृषि उत्पादों पर निर्यात प्रतिबंध जैसे लाभ-विरोधी उपायों की बात आती है तो किसान हमेशा निशाने पर रहा है।

टमाटर, प्याज या चावल पर नीतिगत कार्रवाई संबंधी हाल की घटनाएं बताती हैं कि कृषि में सुधार बहुत कठिन और अधूरे क्यों हैं। सबसे पहले यह एक अंतर्निहित शहरी पूर्वाग्रह है जिसका मतलब है कि ये नीतियां किसानों के हित के बजाय शहरी उपभोक्ताओं (कम खाद्य मुद्रास्फीति) के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती हैं। इसलिए कृषि नीतियां जिनसे बाजार में सुधार होता हैं और जो किसान के पक्ष में विनियमन करती हैं, उन्हें हमेशा मनमाने ढंग से पलट दिया जाता है या कम किया जाता है। दूसरा, मूल्य नियंत्रण के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इनपुट सब्सिडी जारी है- उदाहरण के लिए मुफ्त पानी और बिजली, सस्ती खाद या कृषि आय पर कोई कर नहीं है। ये रियायतें (सब्सीडी) भारी और टाले जा सकने वाले राजकोषीय बोझ के कारण बनते हैं। तीसरा, राज्य के सख्त नियंत्रण को प्रति स्थापित करने के लिए वायदा बाजार जैसे बाजार तंत्र की तलाश नहीं की गई है। वायदा बाजारों को सट्टेबाजी के रूप में देखा जाता है और उन पर कथित तौर पर कीमतों में अस्थिरता पैदा करने का आरोप है। यह एक अप्रमाणित परिकल्पना है इसलिए सरकार कृषि वस्तुओं की खरीद, भंडारण और व्यापार के माध्यम से बाजार में भारी हस्तक्षेप पर निर्भर है। ऐसा करने के लिए वह प्रतिस्पर्धा विरोधी एकाधिकार व्यवहार का उपयोग करने में संकोच नहीं करता है। प्रतिस्पर्धा विरोधी और प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए सरकार को अदालत में कौन घसीटेगा?

इस प्रकार मूल्य नियंत्रण, भंडारण सीमा, मनमाने आयात और निर्यात प्रतिबंध तथा बार-बार बदलती नीतियों से कृषि क्षेत्र को बांधा गया है। यद्यपि तकनीकी रूप से यह राज्य का विषय है फिर भी कृषि में राज्यों के अलावा केन्द्र का भी काफी हस्तक्षेप है। इसके बाद किसान को भारी और विचित्र सब्सिडी देकर फुसलाया जाता है। इस प्रकार की सब्सिडी न केवल ऋण माफी, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों या राजकोषीय घाटे के माध्यम से राजकोषीय समस्याएं पैदा करती है बल्कि पर्यावरणीय संकट भी पैदा करने का कारण बनती है। पंजाब में रासायनिक उर्वरकों पर भारी सब्सिडी दी जाती है जिसके कारण वहां रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग के कारण मिट्टी का क्षरण और लवणता बढ़ गई है। इन सबसे ऊपर यह बात भी है कि आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)

डॉ.अजीत रानाडे

> **आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।**

सड़क का भूमिपूजन और पुस्तकालय का भी किया लोकार्पण

खनिज मंत्री ने बांध एवं मंगल भवन की दी सौगात

पन्ना, देशबन्धु। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कृषि महाविद्यालय लक्ष्मीपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़खेरा बांध और मंगल भवन का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की बड़खेरा बांध निर्माण की बहुप्रतीक्षित एवं पुरानी मांग पूर्ण की गई है। लगभग 17 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले बांध से किसानों की 500 हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। इससे अमहाई, बिल्हा, कृष्णा कल्याणपुर, हरदुआ, पटी, बिलखुरा, बिल्हा और लक्ष्मीपुर सहित कई ग्राम लाभांवित होंगे। ग्रामवासियों को बांध निर्माण के बदले जमीन का मुआवजा भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों के घर में शुद्ध पेयजल भी पहुंचाया जाएगा। पहाड़ीखेरा क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने के लिए मझगांय डैम से लिफ्ट करके पानी पहुंचाया जाएगा। पहाड़ीखेरा क्षेत्र में 8 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले एक अन्य बांध की स्वीकृति की जानकारी भी दी। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा गत 22 मई को पन्ना प्रवास के दौरान कृषि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर लक्ष्मीपुर में मंगल भवन बनाने की घोषणा की गई थी। इस क्रम में 36 लाख रूपए की लागत से बनने वाले मंगल भवन का भूमिपूजन कर स्थानीयजनों की इस मांग को भी पूर्ण कर दिया गया है। पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गांव-गांव तक पक्की सड़क बनवाई जाएगी। खनिज विभाग के डीएमएफ फण्ड से भी कई सड़कों का काम निर्माणाधीन है। पन्ना पहाड़ीखेरा सड़क का निर्माण कार्य जारी है।

इस सड़क के बनने से चित्रकूट आवागमन में शीघ्रता और आसानी होगी। आगामी दिनों में पहाड़ीखेरा मझगवां सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारंग मंदिर और बृहस्पति कुण्ड को बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी जनहितैषी मांगों को पूर्ण किया जाएगा। साथ ही निरंतर आमजनों के सतत संपर्क में रहकर लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सतीश शर्मा ने जिले में क्रियान्वित सिंचाई परियोजनाओं और पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण व जीर्णोद्धार के कार्य के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि बांध बनने से मछली पालन के साथ-साथ भू.जल स्तर भी बढ़ेगा। बांध के अतिरिक्त दो नहर का निर्माण भी होगा। कार्यक्रम में सरपंच नीलम राय सहित विष्णु पाण्डेय, धीरेन्द्र वाजपेयी और ग्रामवासी उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री द्वारा ग्राम बिल्हा में हरदुआ-बिल्हा मार्ग का भूमिपूजन और रक्सेहा में लाइब्रेरी का लोकार्पण भी किया गया।

फिर उठी बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग

प्रेस वार्ता
बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा

◆ अटल जी के कथन को साकार रूप देने का प्रयास प्रारंभ

पन्ना, देशबन्धु। बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय ने बताया कि 2014 में 3 साल के भीतर रामराजा सरकार को साक्षी मानकर एवं बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर को प्रॉमिस कर बुन्देलखण्ड राज्य बनवा देने का वादा उमा भारती, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजनाथ सिंह ने किया था। 3 साल की जगह 9 साल का समय गुजर गया पर केंद्र सरकार में अभी तक कार्यवाही तक प्रारम्भ नही हुई है। इन सभी नेताओं ने हम बुंदेलियो को झूठे वादे के माया जाल में फसाकर वोट की फसल काटने का कार्य किया है। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से स्व. अटल बिहारी बाजपाई ने कहा था कि आप लोग इन जनप्रतिनिधियों को हराने की ताकत एकत्रित कर लेगे तो फिर ये सभी जनप्रतिनिधि राज्य निर्माण के लिए चिल्लाना शुरू कर देंगे। अब समय आ गया है अटलजी की वाणी को सत्यता प्रदान किया जाये। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सभी प्रतिनिधियों को 8 बार पत्र लिख कर आग्रह किया कि आप एक पत्र प्रधानमंत्री को एक केंद्रीय गृह मंत्री को लिख कर बुन्देलखण्ड राज्य शीघ्र बनाये जाने की मांग कीजिये। पर इन जनप्रतिनिधियों ने राज्य निर्माण की मांग को ठुकराते हुए पत्र नही लिखकर जनता को यह बता दिया कि वे राज्य निर्माण की बात मात्र वोट पाने के लिये करते है। अब समय आ गया है ऐसे बहरूपियों को सबक सिखाने का।

रामराजा सरकार को साक्षी मानकर 3 साल के भीतर बुन्देलखंड राज्य बनवा देने का वादा करने वालो को बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा द्वारा लाखो राम बंधन श्री रामराजा सरकार के चरणों में लाखो राम बंधन इस आशय से पूजवाए है की इन बंधनों को घर घर जाकर राम कौ कौल चढ़ाकर लोगो की कलाई पर बांध कर राज्य बनाने का झूठा वादा करने वालो को चुनाव में वोट न देकर हराने का कार्य करें। इसी प्रकार केंद्र मप्र सरकार के आयकर विभाग ने ओरछा में स्थित श्री रामराजा सरकार के मन्दिर को 46 लाख रुपए की वसूली का नोटिस देकर प्रभु रामराजा सरकार को अपमानित करने का कार्य किया है जो बर्दाश्त योग्य नही है। अगर वसूली नोटिस वापस नही लिया जाता है तो मोर्चा बुन्देलनखंड की जनता से एक-एक रुपए एकत्र कर 46 लाख रुपए चुकाने का कार्य करेगा एवं आंदोलन करने के लिए वाध्य होगा। पत्रकार वार्ता में कुंवर बहादुर आदिम, महेंद्र कुमार सक्सेना, सरपंच प्रीतम सिंह, हनीफ खान, वीरेंद्र अहिरवार, मनोज तिवारी, कलाम कुरैशी, राजदीप सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी संघ द्वारा लंबित मांगों के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

पन्ना, देशबन्धु। शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी संगठनों की विगत कई वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। संयुक्त मोर्चा एवं अन्य कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर अधिकारी कर्मचारी आज एक दिवस के सामूहिक अवकाश में शामिल हुए। इसमें मप्र अधीनस्थ लेखा सेवा संघ भी शामिल रहा। इस कारण कोषालय, उप कोषालय तथा पेंशन कार्यालय और अन्य विभागों में वित्तीय व लेखा संबंधी कार्यों को देखने वाले समस्त अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के अधिकारियों द्वारा सामूहिक अवकाश पर रहने से शासन के कार्य पर प्रभाव भी पड़ा है। कोषालयीन सेवा के लिपिक संवर्ग द्वारा भी वेतन विसंगति को लेकर अवकाश में सहभागिता की गई। इस कारण कोषालय में कोई भी देयक आहरित नहीं हो सका और न ही आज पेंशन प्रकरणों का निराकरण हो सका है। सेवा पुस्तिका का वेतन अनुमोदन भी नहीं हो पाया। इसका असर शासन के राजस्व पर हुआ है। मप्र अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में लेख किया गया है कि अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग से कनिष्ठ संवर्ग अधीक्षक का वेतन अधिक है एवं राजपत्रित है, इस वेतन विसंगति को दूर करते हुए कनिष्ठ संवर्ग अधीक्षक के समान ग्रेड वेतन 4200 किया जाए और राजपत्रित घोषित किया जाए। अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग को अन्य संवर्ग की भांति समयमान में उच्च वेतनमान पदोन्नति पद का दिया जाए अर्थात पदोन्नति पद का प्रथम समयमान 5400, द्वितीय 6600, तृतीय 7600, चतुर्थ 8700 ग्रेड वेतन दिया जाए।

इसी प्रकार अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग को वित्त सेवा की भांति उच्च वेतन के लिए चयन संबंधी भर्ती नियम में संशोधन जो कि प्रशासकीय अनुमोदन के बाद वित्त विभाग में लंबित है, उसे कैबिनेट में बुलाकर पारित करवाया जाए। ज्ञापन में अन्य जायज मांगों को पूर्ण करने का उल्लेख भी किया गया है। एसडीएम पन्ना अशोक अवस्थी को सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू एवं अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा आधिकारी कर्मचारी संघ पन्ना कृष्णपाल सिंह यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सहायक कोषालय अधिकारी रामप्रताप प्रजापति एवं अंशु खरे, सहायक पेंशन अधिकारी आरके रवि, देवेन्द्र कुमार सिंह, धीरेन्द्र सिंह परिहार सहित समस्त संघों के पदाधिकारी व सदस्य भी सम्मिलित हुए।

दहेज प्रताडना के चलते एक और नव विवाहिता ने जहर खाकर मौत को गले लगाया

पन्ना, देशबन्धु। जिले के अजयगढ थाना अन्तर्गत ग्राम नयागांव मे नव विवाहिता ललिता कोरी पति विष्णु कोरी उम्र 20 वर्ष द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया। जिसकी इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई है तथा पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया। उक्त मामले को लेकर मायके वालो ने ससुराल पक्ष पर बेटी को दहेज प्रताडना के चलते जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। विवरण के अनुसार ललिता कोरी पिता प्रतिपाल कोरी उम्र 20 वर्ष निवासी मुडवारी तहसील गुनौर का विवाह मई 2023 में नयागांव अजयगढ मे हुआ था। मृतिका के भाई राजेश कोरी ने बताया कि विवाह के कुछ दिन सब कुछ ठीक ठाक रहा उसके बाद ससुराल वालो द्वारा मोटर साईकिल तथा कन्या विवाह योजना के तहत मिलने वाली राशि को लेकर मेरी बहन को प्रताडित करते थें इसी को लेकर उसको जहर देकर मार दिया गया है। क्योकि हम लोग गरीब आदमी है तथा मोटर साईकिल की मांग पूरी नही कर सकतें। उन्होने कहा कि इस संबंध में हमारे द्वारा पुलिस के वरिष्ट अधिकारीयो को आवेदन देकर मामले की जांच कराकर दोषीयों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जायेगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

बस स्टैन्ड में वृद्ध किसान के साथ 30 हजार की लूट

पन्ना, देशबन्धु। जिला मुख्यालय में आये दिन लूट की घटनाए घटित हो रही है लोग बैंक से पैसा निकालकर निकलते है उनके पीछे पीछे चोर बदमाश लुटेरे लग जाते है तथा वह घटनाओं को अंजाम देते है। इसी प्रकार का मामला पन्ना बस स्टैन्ड में घटित हुआ, एक गरीब बृद्ध किसान के साथ तीस हजार की लूट का मामला सामने आया है। गरीब किसान गया प्रसाद यादव निवासी शाहपुर तहसील पन्ना आये हुए थें, तथा उन्होंने अपने खाता से तीस हजार रूपये निकाले एवं बस स्टैन्ड आकर नारायण बस क्र. एमपी 35 सी 0247 पर बैठ गयें उक्त बस पन्ना से पहाडीखेरा जा रही थी, कुछ देर बैठने के बाद बस चलने लगी तो कन्डेक्टर ने किराये के लिए पैसे की मांग की जब उन्होने देखा जेब से पैसे किसी ने चुरा लिये है तो वह तत्काल बस से उतरकर कोतवाली पंहुचे तथा आवेदन के माध्यम से कोतवाली मे घटना की शिकायत दर्ज कराई।

जन परिषद आष्टा चैप्टर द्वारा आमसभा और सम्मान समारोह का आयोजन

सामाजिक समरसता को बढ़ावा देकर अमन का संदेश दें : श्रीवास्तव

__आष्टा, देशबन्धु।__ जन परिषद संस्था के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि पीड़ित मानवता के लिए कार्य करने वाली संस्थाएं निस्वार्थ भाव से सेवा करने वालों को सही रास्ता दिखाकर समाज और देश मे सामाजिक समरसता को बढ़ावा देकर अमन का संदेश पहुंचाए, लाचार और प्रतिभावान लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए प्रेरित करें। यह बात उन्होंने जन परिषद आष्टा चैप्टर द्वारा आयोजित स्थानीय मैरिज गार्डन में आयोजित संस्था की आमसभा और सम्मान समारोह में कही। उन्होंने बताया कि भारत में जन परिषद के 206 चेप्टर हैं और विदेशों में 7 चेप्टर काम कर रहे हैं, सराहनीय कार्य करने वालों को बधाई दी।

अपने उद्बोधन में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने कहा कि संस्था ने सामाजिक सरोकार सेवा करने वालों को हमेशा प्रोत्साहित करने का कार्य किया तो किया ही जा रहा है। वहीं संस्था जन परिषद समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित करती है ताकि युवाओं को प्रेरणा मिले।

मिस इंडिया डॉक्टर सौंदर्य गर्ग ने महिलाओं और छात्र छात्राओं को आगे आने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के लिए आव्हान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री त्रिपाठी की अनुमति से राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव द्वारा युवा समाज सेवी शेख अशफाक को आष्टा चेप्टर का सचिव मनोनीत करने की घोषणा कर उन्हें बधाई दी।

वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद नगरपालिका अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि रायसिंग मेवाड़ा ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों का स्वागत कर अपने विचार प्रकट किए। संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं विधिक सलाहकार और उच्च न्यायालय इंदौर के वकील मनोहर सिंह पंडितया भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अंत में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार आष्टा जन परिषद अध्यक्ष रऊफ खान लाला ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत महिला भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रितु जैन, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्रीमती गुलाब भाई ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, समाजसेवी श्रीमती हेमलता चौहान, कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू तोशीब बाबा, शेख फेज, फारूक पटेल, पत्रकार शोएब शेख, वरिष्ठ पत्रकार ज़हूर मंसूरी, इसराइल मंसूरी, सागर अली, तारिक महमूद, नवाब बेरी, नफीस शाह, नफीस काजल, अश्करा रकीब भाई, राशिद भाई, सलमान भाई, अंसार भाई ने किया।

__इनका हुआ सम्मान :__ कार्यक्रम में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उपाध्याय को परिषद द्वारा प्रतीक चिन्ह और भेंट कर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डीजीपी ने सम्मान किया। डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र में 70 हजार का रिकॉर्ड मोतियाबिंद के मरीज का चेकअप कराकर विभिन्न संस्थाओं में आंख के ऑपरेशन करवाकर उन्हें निशुल्क चश्मा देकर सही मायने में पीड़ित मानवता की सेवा की है, उनकी नि:स्वार्थ भाव से सेवा से हजारों लोगों की आंखों में रोशनी बढ़ाने का काम किया। नेत्र संबंधी सुविधाओं के विस्तार और शोध के लिए थीम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फ्रांस के डॉक्टरों द्वारा पीएचडी की उपाधि से समानित किया है। नेत्र संबंधी सुविधाओं के विस्तार और शोध के लिए थीम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फ्रांस के नामचीन डॉक्टरों द्वारा पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया है।

वहीं आष्टा तहसील के ग्राम मेरा निवासी दसवीं की नेत्रहीन छात्रा को सम्मान से नवाजा गया। दसवीं की परीक्षा में 78 परसेंट प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई दी और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

वहीं शासकीय आयुष चिकित्सक डॉक्टर शाइनी अंजुम को क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा करने ग्रामीण क्षेत्र में आयुष शिविर लगाकर अनेक प्रकार की बीमारी से बचाव और इलाज निस्वार्थ भाव से करने के लिए मुख्य अतिथि और मिस इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय शैक्षणिक संगोष्ठी संपन्न

पन्ना, देशबन्धु। शासकीय आरपी उत्कृष्ट उमा विद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विकासखण्ड से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शैक्षणिक संगोष्ठी का विषय नवीन शिक्षा नीति की आधुनिक समय में उपादेयता रहा। इस दौरान पुरूष वर्ग से शासकीय माध्यमिक शाला आगरा मोहल्ला के सहायक शिक्षक राजकिशोर शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम स्थान रचना पाण्डेय को प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागी आगामी 4 सितम्बर को राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। सुरेन्द्र कोरी, प्रमोद कुमार गंगेले, रामकिशोर गर्ग और अजय राय ने भी शैक्षणिक संगोष्ठी में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र त्रिपाठी ने किया। संगोष्ठी के आयोजन में सुनील श्रीवास्तव, रेनी निगम और शक्ति सिंह का विशेष योगदान रहा। सभी चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य रंजना खरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक मिश्रा सहित प्राचार्य प्रमोद कुमार अवस्थी और सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं शिक्षाविद रामेश्वर प्रसाद प्रजापति भी उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **Radhe Shyam Singh** था। वर्तमान में मेरा नाम **Radhe Shyam Singh Dangi** हो गया है। अब मुझे **Radhe Shyam Singh Dangi** के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावें।

Radhe Shyam Singh Dangi
Primary School Ke Pass
Gram Hanota Kalan
Mokalpur
Sagar (M.P.) 470221

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं. / सं.)
म.प्र.पू. क्षे.वि.वि.कं.लि. संभाग पन्ना

Ph. No- 07732-252021 Fax No- 07732-252021
E. Mail Address-ceonm_panna@rediffmail.com

क्र./का.अ.प./ सामा. / विज्ञप्ति / पन्ना दिनांक.....

विद्युत प्रदाय बंद रहने की आवश्यक सूचना

पन्ना संभाग के सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, 132 केव्ही सतना-पन्ना लाइन में नवनिर्मित 132 / 33 के. व्ही उपकेन्द्र देवेन्द्रनगर हेतु लीलो (लूप इन लूप आउट) टैपिंग का कार्य टी.एल.एम. उपसंभाग सतना द्वारा किया जाना है, जिसके कारण दिनांक 27.08.2023 एवं 29.08.2023 को 132 केव्ही उपकेन्द्र पन्ना से संबंधित सभी 33 केव्ही फीडरों में सप्लाई अवरूद्ध रहेगी। जिसके अंतर्गत 33/11 केव्ही उपकेन्द्र वृजपुर, अजयगढ़, धरमपुर, ककरहटी एवं 132 केव्ही पन्ना से संचालित सभी ग्रामीण क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति समय सुबह 07.00 बजे से 10.00 बजे तक बंद रहेगी। अति-आवश्यक सेवाओं की विद्युत आपूर्ति के लिये नगरीय क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई वैकल्पिक माध्यम से चालू रहेगी ।

विद्युत की बचत कीजिये

टीप:- 1. कार्य की आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई एवं बढाई जा सकती है ।

2. सम्मानीय उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण होने वाली असुविधा के लिये खेद है ।

कार्यपालन अभियंता (संचा. /संधा.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. संभाग पन्ना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, email-eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यो की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यो हेतु आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	22/ 22.08.23	2023_ PHED_ 301068_1	बीना	Retrofitting of PWSS Under JJM With Construction Of R.C.C. OHT and R.C.C. Sump Well (As per BOQ) including all allied work at Village 1.Rampur, 2. Mudia Dehra, 3. Kirrawda Block Bina	184.12	184120/-	15000/-	180 दिवस	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2	23/ 22.08.23	2023_ PHED_ 301069_1	खुरई	Retrofitting of PWSS Under JJM With Construction Of R.C.C. OHT and R.C.C. Sump Well (As per BOQ) including all allied work at Village 1.Bharchha, 2. Semra Ganpat, 3. Dhikuwa of Block Khurai	182.79	182790/-	15000/-	180 दिवस	--तदैव
3	24/ 22.08.23	2023_ PHED_ 301070_1	राहतगढ़	Majar and Minor Repairing Work of India mark II Hand Pump in the villages of Block Rahatgarh including free services of Technician and Materials Will be provided by Department (Major HP 900 Nos.and Minor HP 180 Nos)	10.35	20700/-	2000/-	365 दिवस	--तदैव
4	25/ 22.08.23	2023_ PHED_ 301071_1	जैसीनगर	Majar and Minor Repairing Work of India mark II Hand Pump in the villages of Block Jaisinagar including free services of Technician and Materials Will be provided by Department (Major HP 534 Nos.and Minor HP 110 Nos)	06.15	12300/-	2000/-	365 दिवस	--तदैव
5	26/ 22.08.23	2023_ PHED_ 301072_1	राहतगढ़	Hiring of Vehicle (Bolero/Scorpio) for Inspection of Department Work in the Rural Areas for Office of A.E. P.H.E. Sub Division Rahatgarh Dist.Sagar M.P.	05.04	10080/-	2000/-	730 दिवस	--तदैव

आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	23.08.2023 From 16.30
आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि	01.09.2023 Upto 17.30
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	04.09.2023

निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाइट पर आफ लाईन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

जी-18791/23

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खुरई जिला सागर म.प्र.

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

वित्तीय अनियमित्ताएं करने वाले दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश

जटेरा सरपंच के विरूद्ध धारा 40 के तहत होगी कार्रवाई

टीकमगढ़, देशबन्धु। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन द्वारा संबंधित अधिकारियों के द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में 15वाँ वित्तीय आयोग से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी/सहायक यंत्री एवं क्षेत्रीय उपयंत्री पंचायत बल्देवगढ़ के साथ ग्राम पंचायत बनेरा में 15वाँ वित्तीय आयोग से स्वीकृत नाली निर्माण मुख्य सड़क से धूमगढ़ मंदिर की ओर के निरीक्षण के दौरान नस्ती के अवलोकन उपरान्त निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं होने, करार पत्र पर हस्ताक्षर न होने एवं नाली निर्माण कार्य में स्वीकृत राशि के विरूद्ध राशि आहरण होने तथा निर्माण कार्य मौके पर नहीं पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा नियम विरूद्ध शासकीय राशि आहरण कर वित्तीय अनियमितता किये जाने के कारण क्षेत्रीय उपयंत्री एवं सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत जटेरा में सीसी रोड निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कराये बगैर राशि आहरण कर वित्तीय अनियमितता परिलक्षित होने पर सरपंच ग्राम पंचायत जटेरा के विरूद्ध धारा-40 का प्रस्ताव प्रेषित करने तथा क्षेत्रीय उपयंत्री एवं सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचायत जटेरा में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा वलवन्तपुरा ऊगड़ में कराये गये सामुदायिक भवन पर श्री बंशकार द्वारा अवैध कब्जा कर भवन में भूसा एवं लकड़ी रखने का मामला प्रकाश में आने पर भवन का ताला खुलवाकर भूसा गौशाला में भिजवाने एवं लकड़ी की जब्ती कराकर कर थाना बल्देवगढ़ में रखे जाने की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये तथा पंचायत सचिव जटेरा को प्रकरण में रामचरण वंशकार के विरूद्ध थाना बल्देवगढ़ में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान द्वारा रोजगार की मांग करने पर ग्राम जटेरा में वृक्षारोपण कार्य एवं शांतिधाम के कार्य प्रारंभ कराने एवं ग्रामीणों को इन निर्माण कार्यों में नियोजित करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने ग्राम पंचायत जटेरा में नाली निर्माण के दौरान बगैर मूल्यांकन करने एवं निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण न होने तथा स्थल उपयुक्त न होने के कारण संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के सभाकक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहायक यंत्री एवं उपयंत्री (समस्त) व अन्य योजना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक योजनावार, सेक्टरवार एवं कार्यवार समीक्षा कर अपूर्ण/कार्यों को पूर्ण कराने हेतु समयाविध निर्धारित करते हुए निर्धारित समयाविध में ही कार्य पूर्ण कराने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया।

एलएनटी और जेसीबी मशीन कर रही अमृत सरोवर तालाब का निर्माण

मजदूरों का हक मार रहे सरपंच और सचिव

• अखंड यादव

बल्देवगढ़, देशबन्धु। जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेशपुरा में अमृत सरोवर को प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा योजना से ग्राम पंचायतों में नवीन तालाब निर्माण हेतु 60 प्रतिशत बजट मजदूरों के लिए आवंटन किया गया है। लेकिन ग्राम पंचायत गनेशपुरा के सरपंच इस बजट को ठिकाने लगाने में लगे हुए हैं। अधिकारियों द्वारा नवीन तालाब निर्माण की हार्ड खुदाई पर मिट्टी ढीली करने के लिए जेसीबी मशीन को अनुमति दी गई है, लेकिन बल्देवगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गनेशपुरा में अधिकारियों की अनदेखी से सरपंच और सचिव द्वारा प्रदेश सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्राम पंचायत गनेशपुरा में मनरेगा योजना के तालाब को 100 प्रतिशत जेसीबी मशीन से बनाया गया है। तालाब का बंधान बांधने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए ग्रामीणों ने जनपद सीईओ सहित तमाम अधिकारियों को वीडियो प्रेषित किया था। वीडियो सामने आने के बाद भी अधिकारियों द्वारा नवीन तालाब निर्माण कार्य की जांच नहीं की जा रही है। तालाब निर्माण कार्य की जांच नहीं होने से सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गनेशपुरा के सुकौरा हार में 16 लाख 50 हजार रुपए की लागत से अमृत सरोवर मनरेगा योजना से नवीन तालाब का निर्माण स्वीकृत होते ही सरपंच और सचिव द्वारा दिन रात एलएनटी और जेसीबी मशीन लगाकर काम कराया गया है। ग्राम पंचायत गनेशपुरा के इस तालाब को जल्द ही पूर्ण करने के चक्कर में तेजी से काम करते हुए नियमों को पूरी तरह से ताक पर रख दिया है। तालाब निर्माण में मनरेगा के तहत मजदूरों का नियोजन किया जाना है, लेकिन मैदानी हकीकत ये है कि मजदूर कहीं नजर ही नहीं आ रहे हैं। जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर की मदद से ही कार्य किया जा रहा है। इन निर्माण कार्यों पर जनपद के अधिकारी मजदूरों से काम कराने के निर्देश जारी कर रहे हैं लेकिन हकीकत ये है कि निर्माण कार्य के दौरान कहीं भी मजदूर नजर नहीं आ रहे हैं। बड़ी-बड़ी मशीनों का वीडियो काम करते हुए बाकायदा वायरल हो रहा है।

बाबा खेरा में संचालित कक्षाओं में नहीं मिली पर्याप्त रोशनी

शालाओं के आकस्मिक निरीक्षण में अव्यवस्थाओं पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी हुए नाराज

टीकमगढ़, देशबन्धु। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने एसडीएम बल्देवगढ़ विजय कुमार सेन एवं सीईओ जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के साथ शा.प्रा.शाला बाबा खेरा, शा.प्रा. व माध्यमिक शाला लखेरी विकासखण्ड बल्देवगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री जैन संचालित कक्षाओं में अध्यनरत् छात्र-छात्राओं से रूबरू हुये तथा शिक्षकों के प्रतिदिन स्कूल आने, छात्र-छात्राओं को अध्यापन कराने तथा शालाओं में प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम में संलग्न समूहों द्वारा प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन वितरित होने एवं पर्याप्त मात्रा में मध्यान्ह भोजन छात्र-छात्राओं को प्राप्त होने के संबंध में स्वयं छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया तथा वस्तु-स्थिति की जानकारी ली गई। शा.प्रा.शा. बाबाखेरा में संचालित कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी का अभाव पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए काशीराम आदिवासी प्रभारी प्रधानाध्यापक शा.प्रा.शाला बाबाखेरा में तत्काल कक्षों में ट्यूबलाईट/बल्व लगवाये जाने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने शा.प्रा.शा. एवं शा.मा.शा. लखेरी के निरीक्षण के दौरान शा.प्रा.शाला लखेरी के किचिन शेड में बजरंगवली स्व-सहायता समूह द्वारा चूल्हे पर भोजन तैयार किया जाना पाया गया। रसोईयों द्वारा समूह द्वारा गैस कनेक्शन/सिलेण्डर उपलब्ध न कराये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रभारी प्रधान अध्यापिका श्रीमती रचना सिंह पायक को समूह के साथ समन्वय कर तत्काल रसोईयों को गैस चूल्हे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने शा.मा.शा. लखेरी में संलग्न स्व सहायता समूह के पदाधिकारियों एवं रसोईयों से चर्चा के दौरान मानदेय की राशि वास्तविक रूप से शाला में मध्यान्ह भोजन कार्य में संलग्न रसोईयों को नहीं मिलने पर प्रभारी प्रधान अध्यापिका श्रीमती रचना सिंह पायक को जिला बीआरसी बल्देवगढ़ के साथ समन्वय कर वास्तविक रूप से तैयार कर रही महिलाओं के बैंक खातों में रसोईयों के मानदेय की राशि भिजवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये तथा रानी शकुन्तला स्व-सहायता समूह के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने 39 सूत्रीय मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

सामूहिक अवकाश लेकर संयुक्त कार्यालय के सामने दिया धरना

टीकमगढ़, देशबन्धु। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आवाहन पर शुक्रवार 25 अगस्त को प्रदेश के समस्त जिलों में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करने की रणनीति के तहत टीकमगढ़ जिले में संयुक्त मोर्चा द्वारा धरना प्रदर्शन कर अपनी 39 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर टीकमगढ़ को सौंपा। संयुक्त मोर्चा टीकमगढ़ के घटक मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विवेक खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन के तृतीय चरण में जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर दोपहर 12 बजे से कलेक्टर परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान संयुक्त मोर्चा से जुड़े हुए समस्त कर्मचारी संगठन एवं अधिकारी कर्मचारी धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी विभागों में कामकाज पूरे तरीके से बंद रहा। धरना स्थल पर मोर्चा के संरक्षक राम गोपाल शर्मा, लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जेके जैन, अजाक्स संगठन के बलिराम अहिरवार द्वारा कर्मचारियों को संबोधित किया गया। सभी कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ पुरानी पेंशन बहाली के साथ सभी 39 सूत्री मांगों को पूर्ण करने का प्रदेश सरकार से आवाहन किया। इसके बाद कर्मचारियों ने एक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय का चक्कर लगाकर अपर कलेक्टर टीकमगढ़ को अपनी 39 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा टीकमगढ़ के जिला अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विवेक खरे, लिपिक वर्गी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जेके जैन, आयुष कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, वाहन चालक संघ के ओपी शर्मा, पेंशनर एसोसिएशन के राघवेंद्र सिंह राजपूत, अपाक्स संगठन के जमुना प्रसाद यादव, पटवारी संघ के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद समारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कंट्रोल रुम में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

टीकमगढ़, देशबन्धु। आगामी विधान सभा चुनाव 2023 का 05 दिवसीय जिला स्तरीय चुनाव प्रशिक्षण दिनांक 24/08/2023 से 28/08/2023 तक पुलिस कंट्रोल रूम टीकमगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार 25/08/2023 को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, एसडीओपी राहुल कटारे, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय द्वारा निम्न लिखित बिंदुओं पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। तद्नुसार आदर्श आचार संहिता एवं इसके संबंध में मतदान के पूर्व मतदान के दिन पुलिस द्वारा विभिन्न परिस्थितियों में की जाने वाली कार्यवाहियों सहित निर्वाचन संबंधी मुख्य कानूनी प्रावधान, अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन दोनों क्षेत्रों में सुरक्षा बल एवं संसाधनों का नियोजन एवं मतदाताओं में मनोबल वृद्धि, कानून व्यवस्था बनाये रखने में विशेष अभियान के लिए की जाने वाली कार्यवाहियाँ एवं सावधानियाँ, एसएसटीए फ्लाइंग स्क्काड आदि व्यवस्थाओं की जानकारी, मतदान दिवस पर ड्यूटी बूथ एवं सेक्टर मोबाइल, समस्त पुलिस बल को क्या करें और क्या न करें के संबंध में ब्रीफिंग की जानकारी, अंतर्राज्यीय सीमा पर चैक पोस्ट व समन्वय, व्यवस्था के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियां, एव्हीएम की सुरक्षा मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान एवं मतदान के पश्चात इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। 91 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारीयों द्वारा उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

दूसरे दिन 91 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी हुए शामिल

मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद में 3 युवक, 2 युवतियां घायल

दिगौड़ा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दुशयारा में गुरुवार 24 अगस्त की सुबह तालाब से मछली पकड़ने पर एवं घर के सामने मछली छीलने को लेकर मुहल्ले के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस घटना में दोनो पक्षों द्वारा लाठी डंडे से मारपीट होने से 5 लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दुशयारा में गुरुवार को करीब 8 बजे तालाब से मछली पकड़ने को लेकर फरियादी खिलाई केवट उम्र 44 साल के साथ मुहल्ले के कलुआ केवट व मोनू केवट ने गाली गलौज, विवाद व लाठी डंडे से मारपीट की गई। फरियादी को बचाने उसका पुत्र लक्ष्मण केवट गया तो इन लोगों ने उसकी भी मारपीट कर दी। इसके साथ ही दूसरे पक्ष के फरियादी मोनू केवट उम्र 33 साल के साथ मुहल्ले के खिलाई केवट व उसके पुत्र लक्ष्मण केवट ने गाली गलौज, विवाद व लाठी डंडे से फरियादी, उसकी भाभी गुड्डी केवट व पत्नी गणेश देवी के साथ लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आ गई। दोनों पक्षों द्वारा पुलिस थाने में आकर एक दूसरे के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया।

गौवंश की दुर्दशा से व्यथित डॉ. स्वामी देवस्वरुपानंद ने छोड़ा अन्न आहार

- सुंदरकांड के पाठ के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरु
- प्रशासन के दावों और वादों ने खो दिया बिश्वास, कागजी आदेशों पर नहीं होता अमल

टीकमगढ़, देशबन्धु। गौ-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत उज्वल भारत अभियान के संस्थापक डॉ. स्वामी देवस्वरुपानंद ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का शुभारंभ कर दिया है। स्वामी जी ने सुंदरकांड का पाठ कराने के बाद अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का शंखनाद कर दिया है। गौरतलब है कि जिले में गौ-वंश के संरक्षण और संवर्धन को लेकर स्वामी देवस्वरुपानंद विगत 9 मार्च से 28 मार्च 2023 तक कलेक्ट्रेट के सामने शांति पूर्ण तरीके से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। तत्समय तत्कालीन एसडीएम सीपी पटेल ने ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया था कि समस्याओं का समाधान जल्द कराया जाएगा। इसी आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया था। इसके बाद 3 जुलाई 2023 को पीजी कॉलेज के सामने तालाब बाईपास पर अज्ञात ट्रक चालक द्वारा तीन-चार गौवंश को बेरहमी से कुचल देने की जानकारी मिलने पर स्वामी जी ने गौ-भक्तों के साथ धरना दिया गया था। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम सीपी पटेल ने उसी समय आदेश जारी करके सड़कों पर घूम रहे गौवंश की सुरक्षा हेतु न्यायालय के पीछे 20 एकड़ जमीन पर गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के निर्देश नगर पालिका सीएमओ को दिए थे। इस आदेश का भी कोई असर प्रशासन पर नहीं पड़ा। इसके बाद 5 जुलाई 2023 को कलेक्टर के साथ एक बैठक करके कुछ नियम पास किए गए लेकिन उस पर कोई विशेष कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। स्वामी जी का कहना है कि गौवंश की हालत बिगड़ती जा रही है। आए दिन जगह-जगह दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, जिससे संत समाज व क्षेत्रीय जन समुदाय में बहुत रोष व्याप्त हो रहा है। स्वामी जी ने व्यथित होकर एक बार फिर आंदोलन की राह पकड़ने का शंखनाद करते हुए अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति देने का आग्रह किया लेकिन अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उन्हे अनुमति प्रदान नहीं की गई। स्वामी देवस्वरुपानंद ने जिले में गौ-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर बरती जा रही लापरवाही को लेकर शुक्रवार 25 अगस्त से अन्न आहार छोड़ कर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरु कर दी है। स्वामी देवस्वरुपानंद ने कहा है कि उज्जवल भारत अभियान के माध्यम से वह मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में सामाजिक विषयों सहित विशेष रुप से गौ-वंश हितार्थ बौद्धिक, रचनात्मक, आंदोलनात्मक रुप से प्रयासरत हैं।

झांसी, छतरपुर और जिला मुख्यालय जाने को मजबूर गरीब मरीज

चिकित्सकों के अभाव में दम तोड़ रही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं

पलेरा, देशबन्धु। समूचे विकासखंड अंतर्गत गांवो की आबादी के इलाज की जिम्मेदारी लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा सुविधाओं व डॉक्टर के अभाव में इलाज तो क्या औपचारिकता भी तरीके से नहीं कर पा रहा है। 2 जून की रोटी को अथक मेहनत करने वाले ग्रामीण जब इलाज की तलाश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं तो वहां इलाज तो बहुत दूर की बात है, बीमारी सुनने वाला भी कोई नहीं मिलता। ऐसे में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की शेष समस्त व्यवस्थाएं पूर्णतया ध्वस्त दिखाई देती हैं। पूर्व समय में जिले में नंबर वन रहने वाला पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। वर्तमान में यहां की सारी व्यवस्थाएं बीएमओ महेंद्र पटेल तक ही सीमित है। शेष सभी डॉक्टरों के पद खाली पड़े हुए हैं। ऐसे में मौसमी बीमारियों को लेकर लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच रहे मरीजों को सिर्फनिराशा ही हाथ लग रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिर्फ पड़ी है तो खाली कुर्सियां जो मरीजों को देखनी पड़ रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर से पूर्णतया खाली हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने की वजह से सुविधाओं की खानापूर्ति कागजों में भले ही दर्शाई जाती हो लेकिन वास्तविकता यह है कि यहां मौजूद एंबुलेंस अभी भी तक किसी मरीज के उपयोग में आती नजर नहीं आई। बरसों पुराने एम्बुलेंस खराब वहान की स्थिति पूरी तरह ध्वस्त है। जननी एक्सप्रेस हो या स्वास्थ्य विभाग का वाहन जरूरत के समय मरीजों को अपनी ही व्यवस्था से आना जाना पड़ता है। डिजिटल एक्स-रे जांच करवाने के लिए भी लोगों को जिला स्तर तक जाना पड़ता है। ऐसी विषम परिस्थिति में आर्थिक अभाव के बाद भी मरीज को मजबूरन बाहर जाना पड़ता है। पलेरा मुख्यालय से 50 किलोमीटर छतरपुर, 100 किलोमीटर झांसी या टीकमगढ़ इलाज के लिए जाना पड़ता है। कई बार तो यह भी होता है इलाज के अभाव में या उचित इलाज के लिए तय की गई दूरी ही मरीज की मौत का कारण बन जाती है। पलेरा नगर के इस अस्पताल में ऐसा नहीं की सिर्फ मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता यहां तो डॉक्टरों के अभाव में शव को भी डॉक्टरों का इंतजार करना पड़ता है। काल के गाल में समाए लोग पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टर आने का इंतजार करते है। बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व दौरे पर आए जिला सीएचएमओ को यहां पदस्थ कर्मचारी ने केंद्र की समस्त कमियो से अवगत कराया था। जर्जर भवन की छत से टपकते हुए पानी को लेकर नए भवन एवं आवासीय क्वार्टर की मांग की गई थी। मजे की बात तो यह है कि निरीक्षण के उपरांत न तो मांगे पूरी हो सकी और न ही व्यवस्था में कोई बदलाव देखने को मिला है। स्थानीय नगर के नागरिकों ने ऐसे विकराल समय में जिला कलेक्टर अवधेश शर्मा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं का निराकरण किया जाने की मांग की है।

सार समाचार

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई

दमोह देशबन्धु। श्री राम कुमार हनुमानगढ़ी मंदिर घंटाघर में तुलसी साहित्य अकादमी इकाई दमोह के तत्वाधान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित नरेंद्र दुबे वरिष्ठ पत्रकार ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर दयाल गोस्वामी रहली एवं शैलेंद्र खुरई विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पंडित रमेश तिवारी ने की अतिथियों द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्या अर्पण दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरस्वती वंदना तुलसी साहित्य अकादमी के सचिव पंडित नरेंद्र अर्जरिया ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रथम कवि के रूप में चिंतामणि सोनी ने अपनी रचना प्रस्तुत करी बुंदेली के वरिष्ठ साहित्यकार नंदकिशोर पाठक, सदन नेमा, दिनेश रहे। जीवनलाल मिश्रा रामकुमार तिवारी संगीता पांडे प्रेमलता उपाध्याय चन्द्र निमा पंडित रमेश तिवारी पंडित पीएम दुबे बबीता चौबे गणेश राय सुभाष ठाकुर रहली के ईश्वर दयाल जी गोस्वामी जी अपनी उत्कृष्ट रचनाओं पढ़ कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में गोविंद प्रसाद दुबे ने सभी का आभार माना संचालक पंडित नरेंद्र अरजर्रिया।

पुलिस का मानवीय पक्ष दिखाई दिया

अज्ञात महिला के शव को सम्मान सहित दफन किया

दमोह/हटा देशबन्धु। 24 अगस्त गुरुवार की रात्रि को हटा थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ पंचम गाँव मे सुनार नदी किनारे मिले अज्ञात महिला का शव के मामले की गुत्थी दूसरे दिन तक सुलझ नही पाई है, क्षत विक्षिप्त अवस्था में मिले शव की शिनाख्त न होने के कारण व शव अत्याधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण उसे ज्यादा समय तक रखना संभव नहीं था, अत: पुलिस ने शव को दफ्न करने का फैसला लिया, पुलिस एवं नगर पालिका, सफाईमित्रों के सहयोग से शव को नगर के मुक्तिधाम लेकर पहुंचे जहां टीआई मनीष मिश्रा ने स्वयं शव को पुष्पांजलि देते हुए पूरे सम्मान के साथ शव को दफ्न कराया, इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी के साथ पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा। ज्ञातव्य हो कि इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस निरंतर जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र हरदुआ पंचम के कोटवार ने हटा पुलिस को सूचना दी थी कि सुनार नदी के किनारे अज्ञात महिला का शव मिला है। उक्त सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरांत मर्ग कायम कर शव का डॉक्टर टीम के द्वारा पीएम कराया, मौत का कारण रिपोर्ट आने के उपरांत ही ज्ञात हो सकता है। उक्त मामले में हटा टीआई मनीष मिश्रा ने बताया कि थाना हटा में मर्ग क्रमांक 61/23 कायम किया गया है। महिला के शरीर पर सफेद कुर्ता काली प्रिंट वाला, काली लेगी पेंट, सफेद जूते, गले मे काले गुरियो की माला पहने है, जिसकी शिनाख्त नही हो पाई है।

अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारी एकता जिंदाबाद
सामूहिक अवकाश

दमोह देशबन्धु। 43 सूत्रीय लंबित मांगों का ज्ञापन अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा संयुक्त कलेक्टर महेंद्र कुमार गुप्ता को सौंपा गया। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संघों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट के समक्ष प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक धरना दिया। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, राकेश हजारी, केआर पांडे, मोहन आदर्श, आरिफ अंजुम, कुंज बिहारी दुबे, प्रदीप स्वामी, प्रेम सिंह, सुरेंद्र राय, विजय शर्मा, महमूद सिद्दीकी, राकेश जैन, गणेश दुबे, सुरेंद्र सिकर्रा, आरके मिश्रा, विष्णु शर्मा, बबलू ठाकुर, श्वेता सिरोठिया, सीमा चढ़ार, यास्मीन बेगम, प्रमोद अहिरवाल, आशुतोष गौतम, लक्ष्मी शुक्ला, शैलेंद्र अहिरवाल आदि ने कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, पदोन्नति के अवसर प्रदान करने, वेतन विसंगतियों को दूर करने तथा संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितीकरण जैसी प्रमुख लंबित मांगो के यथाशीघ्र निराकरण की शासन से अपील की एवं धरना स्थल से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम से संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

विनोद राय ने ग्रामों में किया जनसंपर्क

दमोह देशबन्धु। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष विनोद राय ने तेजगढ़ एवं तारादेही में जनसंपर्क किया एवं लोगों की समस्या को सुना एवं ग्रामवासियों से जनसंपर्क किया।

मेडीकल दल द्वारा मरीजों का प्राथमिक उपचार कर

जीवनरक्षक औषधियों का किया गया वितरण

दमोह देशबन्धु। जिले के ग्राम बांदीपुरा में पेट दर्द, दस्त, उल्टी आदि बीमारी से संबंधित जानकारी मिलने पर कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक को वस्तु स्थिति से अवगत कराने तथा ग्रामीणों का शीघ्र उपचार कराने के निर्देश दिये। इसी तारतम्य में जिला कॉम्बेट टीम, जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा भारद्वाज की देखरेख में स्वास्थ्य दल द्वारा ग्रामीणों की जॉच कर मरीजों से चर्चा की गई। पीने के पानी के उपयोग में लाये जा रहे जलस्त्रोत के अवलोकन से टीम को ज्ञात हुआ कि ग्रामवासियों द्वारा दूषित पानी पीने की वजह से ग्राम में पेट दर्द, दस्त, उल्टी के 18 मरीज सामने आये हैं। मरीजों को पेट दर्द, दस्त, बुखार की जीवनरक्षक औषधियां दी गई। सभी मरीज स्वस्थ हैं। मेडीकल दल द्वारा ग्रामीणजनों को पानी उबालकर पीने व हल्का भोजन लेने की समझाईश दी गई है।

मच्छरों की रोकथाम हेतु हटा एवं हिण्डोरिया ब्लॉक के विभिन्न स्थानों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का किया गया संचयन

दमोह देशबन्धु। मलेरिया विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में लगातार डेंगू/चिकिनगुनिया एवं मलेरिया बीमारी की रोकथाम हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में हटा ब्लॉक के हटा शहरी क्षेत्र ऑगनबाड़ी के सामने, नवोदय वार्ड, शासकीय महा.विद्यालय के पास, चण्डीजी वार्ड, गौरीशंकर वार्ड, माता घाट एवं ग्रामीण क्षेत्र प्रेमपुरा, बोरीकला, माता घाट विताकला, रनेह, हिनौता, सकोर, विनती के विभिन्न स्थानों के स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है। इसी प्रकार हिण्डोरिया ब्लॉक के शहरी क्षेत्र वार्ड क्रमांक-03, 09 एवं 13 में एवं ग्रामीण क्षेत्र समन्ना, भदौली, करैयाहजारी, कादीपुर, गुंजी, बॉदकपुर, केवलारी, रंजरा, अभाना, हथनी, टोरी, ग्वारी, मारूताल, भूरी के विभिन्न स्थानों के स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है।

सभी समाजों को साथ लेकर आगे बढ़ने से सामाजिक समरसता होगी निर्मित : विभानंद गिरि

दमोह देशबन्धु। दमोह जिले में स्नेह यात्रा का नेतृत्व पूज्य साध्वी मां प्रज्ञा पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर विभानंद गिरी जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। गांव-गांव में स्नेह यात्रा का स्वागत महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर, घर-घर में दीप एवं कलश रखकर किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस स्नेह यात्रा सिहोरा पड़रिया, बरवासा, हृदयपुर, इमलाई आनू बांदकपुर सलैया होते हुए हथिनी पिपरिया में पूर्ण हुई। यात्रा में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में पूज्य साध्वी ने कहा समरसता की यात्रा की शुरुआत भगवान श्रीराम द्वारा केवट को गले लगाकर कर, शबरी के झूठे बेर खाकर की थी, समरसता यात्रा तो द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण जी द्वारा युद्धिष्ठर के राजसूय यज्ञ में, सभी यज्ञ में आए हुए यजमानों की पत्तल उठाकर की थी। स्नेह यात्रा में पतंजलि योगपीठ के जिला अध्यक्ष के.के. परोहा, दमोह जिला के योग आयोग के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत, गायत्री परिवार के सदस्य, नवांकुर संस्था से जितेंद्र राजपूत, राजकुमार सेन, सीमा जाट, कृष्णा पटेल, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता दयाराम पटेल, राहुल खरे, भावना दुबे, बृजेश सेन सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों सहित छात्रों द्वारा सहभागिता की गई।

हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया

दमोह देशबन्धु। जिला कलचुरी महिला समिति दमोह द्वारा दमोह के निजी रेस्टोरेंट में हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला समिति की पदाधिकारी एवम सदस्य शामिल हुई और हरियाली तीज में एक दूसरे को श्रृंगार सामग्री दी तथा सावन के गीत और झूले का आनंद लिया एवं मनोरंजक गेम खेला महिला समिति ने चंद्रायन के सफल अभियान के लिए एक दूसरे को बधाई एवं देशवासियों को शुभकामनाए दी। सदस्यो ने एक दूसरे को लड्डू खिलाएं एवं देशभक्ति के गीत गाकर उत्सव मनाया। जिला कलचुरी महिला अध्यक्ष सरोज राय, सचिव डॉक्टर सोनल राय, उपाध्यक्ष कल्पना राय, रीता राय साधना राय,प्रीति राय अनिता राय, सीमा राय कोषाध्यक्ष दीपा राय, किरण राय प्रमिला राय,प्रीति राय आदि महिला समिति के सदस्य उपस्थित रहे उपरोक्त जानकारी समिति की मीडिया प्रभारी आराधना राय ने दी।

भारतीय जैन मिलन का गठन हुआ, नये पदाधिकारियों ने ली शपथ

दमोह/हटा देशबन्धु। नगर के श्री पार्श्वीनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में भारतीय जैन मिलन, जैन महिला मिलन, जैन युवा मिलन की संयुक्तन बैठक हुई। जिसमें भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीतय मंत्री वीर कमलेन्द्रि जैन ने नई शाखा का गठन कराते हुए सभी का परिचय कराया एवं कहा कि पुरानी कमेटी के कार्य सराहनीय रहे। संगठन सभी को एकत्रित करते हुए समाज हित में कार्य करे। इसी उद्देश्य से पुरानी समिति को ही अपडेट करते हुए अब भारतीय जैन मिलन का गठन किया गया, नई शाखा में आदित्य सिंघई को अध्यक्ष बनाया गया है, मंत्री इंजी विनय जैन, कोषाध्यक्ष चक्रेश लालू जैन, प्रचार मंत्री विवेक जैन रजपुरा को बनाया गया है, संरक्षक मंडल में यशवंत जैन डब्बूक, बाहुबली जैन, विपुल जैन, सपन जैन रहेगें, जैन महिला मिलन में शोभना जैन को अध्यमक्ष, प्रियंका जैन मंत्री, स्वतति जैन, कोषाध्य क्ष वंदना जैन को बनाया गया है।

संरक्षक मंडल में मनोरमा जैन रहेगी, बैठक का शुभारंभ संगठन गीत से हुआ, नगर में संचालित हो रही युवा जैन मिलन की समाजसेवा से जुडी गतिविधियों से आये हुए पदाधिकारियों को अवगत कराया गया, बैठक में पधारे राष्टीजय संयोजक इंजी. महेश जैन, क्षेत्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय जैन, क्षेत्रीय अध्यबक्ष अरूण चंदेरिया, मीडिया प्रभारी मनीष जैन शाहनगर ने संगठन के उददेश्या, कार्य एवं दायित्वोंा को बताया सभी नये पदाधिकारियों को पद की गरिमा के साथ कार्य करने की शपथ भी दिलाई गई, आभार बाहुबली जैन के द्वारा व्य क्तप किया गया, अतिथियों को हटा आगमन पर स्मृकतिचिन्हा भेंट किये गये। इस अवसर पर आदित्यम भैया, तरूण, मीना, सुषमा, दिव्या आदि उपस्थित रहे।

नोहटा में दंगल प्रतियोगिता हुई

दमोह/नोहटा देशबन्धु। भगवान नोहलेश्वर की नगरी नोहटा में आयोजित हुई दंगल प्रतियोगिता में कुश्ती के दांव पेंच लगाते हुए पहलवानों को प्रोत्साहित किया व महावीर अखाड़ा के तत्वावधान में हुए आयोजन का आनंद लिया। जिसमें विशेष रूप से विधायक धर्मेंद्र सिंह, विनोद राय, ब्लॉक अध्यक्ष के सुपुत्र शुभम राय, अनु रैकवार, जनपद सदस्य, सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव एवं कुश्ती के पहलवान लोग मौजूद रहे।

रैपिड एक्शन फोर्स ने कोतवाली पहुंचकर परिचय अभ्यास के आयोजन की दी जानकारी

दमोह देशबन्धु। केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) डी/ 107 बटालियन की एक प्लाटून जगदीश प्रसाद बलाई (कमाण्डेंट) 107 बटालियन के निर्देशानुसार उप कमाण्डर पंचम लाल के नेतृत्व में 25 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक जिला दमोह के सभी थानों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा है। उप कमाण्डर पंचम लाल के द्वारा यह जानकारी देते हुए बताया गया कि शुक्रवार को दमोह सिटी कोतवाली में अभ्यास कराया गया।

इस दौरान सिटी कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत, सब इंस्पेक्टर श्याम वैन, एएसआई रघुवीर सिंह, आरक्षक देशराज सहित पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में प्लाटून में राजपत्रित अधिकारी 2, अधिनस्थ अधिकारी-8 अन्य 31 सैनिक की उपस्थिती में पहले दिन अभ्यास कराया गया। रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुये उप कमाण्डर पंचम लाल ने बताया परिचय अभ्यास के दौरान दमोह जिले की भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक इत्यादि जानकारियां एकत्रित करना तथा क्षेत्र की जनसंख्या, साक्षरता दर असमाजिक तत्वो, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील/अतिसंवेदनशील ईलाको तथा बलवाईयो/दंगाईयों की सूची तैयार की जायेगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर और किस प्रकार से उस पर नियंत्रण किया जाये आदि सभी का गहन अध्ययन किया जायेगा।

जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण क्षेत्र में विकास की कछुआ

लगातार तीसरी बार टिकट पाने वाले पहले प्रत्याशी बने लखन पटेल

पथरिया/दमोह, देशबन्धु। दमोह जिले की विधानसभा क्षेत्र पथरिया का गठन 1962 में हुआ जिसमें सबसे पहले निर्दलीय विधायक रामेश्वर,1967 कांग्रेस के.भाओं सिंह,1972 कांग्रेस गोपालदास,1977 जनता पार्टी जीवनलाल, 1980 कांग्रेस आई गोपालदास,1985 कांग्रेस श्यामलाल,1990 भाजपा मणिशंकर सुमन,1993 कांग्रेस कालूराम खटीक, 1998 भाजपा गणेशराम खटीक, 2003 भाजपा सोना बाई अहिरवार, 2008 भाजपा डा.रामकृष्ण कुसमरिया, 2013 भाजपा लखन पटेल, 2018 बसपा रामबाई सिंह है मतलब करीब 62 वर्षों में 13 विधायक क्षेत्र को मिलें जिसमें अभी तक पहला निर्दलीय उसके बाद 2018 में बसपा से वाकि भाजपा कांग्रेस से क्षेत्र में 5-5 बार विधायक चुने भाजपा को लगातार 20 वर्ष मिलें उसके बाद भी क्षेत्र में विकास कार्य की गति जो होना थी वह नही मिल पाई आज भी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं सड़क, शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार पानी की समस्याओं का सुलभ साधन नही। शासन द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजना बनाई गई करोड़ों रुपए खर्च पर हकीकत में जब नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे तब मालूम चलता कि योजना क्या है सड़कों की बात करें तो कृषि विभाग के मंडी बोर्ड से बनी सड़कें बनने के बाद कभी मरम्मत कार्य नही हुआ जबकि 5 वर्ष की गारंटी होती है उसके अलावा लोक निर्माण विभाग की पथरिया से केरबना, जेरठ टू लेन जर्जर हालत में सुधार नही।

स्वास्थ्य की बात करें तो लाखों की आबादी वाले क्षेत्र में 2-3 डाक्टर स्वास्थ्य केंद्र जर्जर होने के बाद भी कोई ध्यान नही सिविल अस्पताल की मांग पर कोई ध्यान नही, शिक्षा की बात करें तो पहले नवोदय विद्यालय छीनकर हटा में बन गया आज हटा विधानसभा में नवोदय विद्यालय के साथ केन्द्रीय विद्यालय भी है जबकि वर्षों से जनता केन्द्रीय विद्यालय की मांग कर रही पर कोई ध्यान नही। जिले की 4 विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ पथरिया विधानसभा क्षेत्र है जहां ना केन्द्रीय विद्यालय,ना तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई है 17 नवंबर 2017 में मुख्यमंत्री ने जिला अंत्योदय मेला में घोषणा की पथरिया बटियागढ़ में आईटीआई केन्द्र खुलेंगे पर सोचने वाली बात है कि करीब 06 वर्ष बीतने वाले हैं फिर भी नही खोलें गयें जबकि कांग्रेस सरकार में आईटीआई केंद्र संचालित था। केंद्र सरकार की मनरेगा योजना संचालित करने का उद्देश्य लोगों को अपने ग्राम में रोजगार उपलब्ध कराने का है पर ऐसा कोई ग्राम नही जहां से लोग पलायन करके बाहर नही गये हो योजना पर हजार करोड़ों रुपए खर्च हो गए फिर भी कोई सुधार नही हकीकत यह है कि कागजों पर तो लोग काम कर रहे मनरेगा पर यथार्थ में जेसीबी,कोकलेन मशीन चल रही है स्वच्छ भारत अभियान चला उसके बाद भी खुलें में शौच से मुक्त नही हो पाया पर कागजों में ओडीएफबहुत पहले हो चुका अधिकारी सब जानते हैं फिर भी कोई कार्यवाही नही फर्जीवाड़ा कितना भी बड़ा हो जाए जांच शुरू होती है और इति श्री हो जाती है परिणाम सार्थक नही निकलता। शिकायत करने वाले को संतुष्ट करने के लिए प्रयास किए जाएंगे जहां तक संभव हो पर सही का साथ नही देंगे। वही विधानसभा क्षेत्र बनें करीब 63 वर्षों के इतिहास में पहली बार भाजपा से लगातार तीसरी बार टिकट मिलने वाले पहले प्रत्याशी बनें लखन पटेल एक बार 2013 से 2018 तक क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके वही 2018 के आखिरी में हुए विधानसभा चुनाव में हार मिली उसके बाद भी पार्टी ने पुन: विश्वास जताया और 2023 के लिए उम्मीदवार घोषित किया है हालांकि अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित होने को करीब डेढ़ दो माह बचें है कांग्रेस बसपा ने अभी अपने पत्ते नही खोलें है भाजपा ने इस बार सबको चौकाया और पहले प्रत्याशी घोषित कर दिया। वैसे तो क्षेत्र के लोगों की हमेशा से निरंतर मांग रही कि क्षेत्रीय उम्मीदवार को टिकट मिलें।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने आडिटोरियम का लोकार्पण किया, 5 करोड़ का दूसरा आडिटोरियम स्वीकृत किया

सीवर सक्शन मशीन सौंपी, आटोमेटिक स्वीकपिंग मशीन के लिए 1 करोड़ की स्वीकृति दी

बांदरी, देशबन्धु। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यहां 3.53 करोड़ की लागत से निर्मित आडिटोरियम का लोकार्पण किया और एक और आडिटोरियम के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी। मंत्री श्री सिंह ने बांदरी नगर परिषद को 45 लाख की लागत से दिए गए सीवर सक्शन मशीन सिस्टम के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। स्थानीय छात्र-छात्राओं की मांग पर 1 सितंबर से फ्री वाई.फाई सेवा आरंभ करने की घोषणा की। उन्होंने 51 घंटे निरंतर चलने वाले स्वच्छता अभियान का आरंभ किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बांदरी में कोई भी सामाजिक कार्यक्रम, धार्मिक, वैवाहिक आयोजन करने के लिए एक सुविधाजनक स्थल का अभाव हमेशा खटकता रहा। इस आडिटोरियम से यह बड़ी कमी आज पूरी हो गई। उपस्थित जनसमुदाय से सहमति लेकर आडिटोरियम का किराया भी निर्धारित किया ताकि आडिटोरियम का मेंटेनेंस हो सके। उन्होंने कहा कि समारोहों के लिए आडिटोरियम का शुल्क 11 हजार रुपए होगा, बीपीएल वालों के लिए 5100 रु होगा तथा विद्यार्थियों व शैक्षणिक आयोजनों के लिए पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

बांदरी मे सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और एक ही दिन में एक से अधिक आयोजन होने लगे हैं। इसके लिए एक और बड़े आडिटोरियम की आवश्यकता यहां है जिसके लिए 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की जा रही है। एक वर्ष के भीतर नई निर्माण एजेंसी दूसरा आडिटोरियम बना कर देगी। बांदरी नगर परिषद के लिए सड़कों पर झाड़ू लगाने वाली स्वचालित मशीन के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि आज से बांदरी नगर परिषद क्षेत्र में 51 घंटे का अनवरत सफाई अभियान शुरू हो रहा है जिसमें नगर के हर परिवार और हर व्यक्ति का सहयोग भी आवश्यक है। सभी कचरे के डिब्बे रखें यहां वहां गंदगी न करें। उन्होंने बताया कि एक सितंबर का दिन बांदरी के लिए सौगातों से भरा होगा। इस दिन बांदरी में खुरई की तरह फ्री.वाई.फाई सेवा शुरू की जाएगी। 2750 आवासहीन परिवारों को भूस्वामित्व अधिकार सहित निःशुल्क पट्टे वितरित किए जाएंगे। इन परिवारों में लोगढ़िया बहिनों के परिवार भी शामिल होंगे।

बांदरी तहसील का शुभारंभ होगा और 7 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले नवीन बांदरी तहसील भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन होगा। बांदरी कालेज के लिए दो वाटर कूलर दिए जाएंगे। कालेज में अन्य सभी विषयों का अध्यापन कार्य का शीघ्र ही आदेश आएगा। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष सुधा विश्वनाथ सिंह, एसडीएम रोहित बामोरे, सीएमओ राजेश मेहतेले सहित सभी पार्षद व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सूने रहे कार्यालयः सामूहिक अवकाश पर रहे कर्मचारी

सागर, देशबन्धु। मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं प्रदेश के पांच बड़े संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को 43 सूत्रीय मांगों को लेकर मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। मोर्चा के जिलाअध्यक्ष चूरामन रैकवार एवं जिला संयोजक आलोक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा के घटक दलों का 43 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को संबोधित अपनी जायज मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। मोर्चा के द्वितीय चरण में शुक्रवार को सागर जिले के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने एकत्रित होकर कलेक्टर कार्यालय के दो नंबर गेट पर धरना प्रदर्शन किया जिसमें 11 बजे से 4 बजे तक संयुक्त मोर्चा के घटक दलों के अध्यक्षों ने अपने-अपने उद्बोधन में 43 सूत्रों के मांगों के संबंध में उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। 4 बजे धरना स्थल पर कलेक्टर के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को जिला अध्यक्ष चूरामन रैकवार जिला संयोजक आलोक गुप्ता एवं संभागीय अध्यक्ष शैलेंद्र गंभीरिया द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने में माधव कटारे, प्रमोद चंदेल, बेनी प्रसाद प्रजापति, गांधारी कदम, नरेंद्र रैकवार, थान सिंह, मुरारी बाबू, दीपक जोशी, रामकुमार तिवारी, राकेश भारद्वाज, रामेश्वर चौबे, अनिल पांडे सहित बढी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

शारदा खटीक ने ग्राम बाबूपूरा में जाकर धर्म लाभ उठाया

सागर, देशबन्धु। जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने ग्राम बाबूपुरा पंचायत सिरोंज में जाकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया। भागवत कथा के मुख्य यजमान रूप रानी कुंदन लाल यादव हैं। कथा व्यास गृहस्त संत पं. रामकुमार शास्त्री चारटोरिया वाले के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा कहीं जा रही है। भागवत कथा में शारदा खटीक के साथ अमोल सिंह राजपूत, किशोरी लाल खटीक, सोनू अहिरवार, बहादुर यादव, दीनदयाल यादव, उत्तम यादव आदि मौजूद रहे।

जीवन जल की बुलबुल के समान है, भोग संपदा, बिजली के समान चंचल हैः मुनिश्री

कमेटी. श्री
कमेटी. मुनि
अंकुर कॉलो

मकरोनिया, देशबन्धु। जगत के स्वभाव का चिंतन करने से संवेग एवं शरीर के स्वभाव का चिंतन करने से वैराग्य उत्पन्न होता है। यह जगत अनाधि, आनिधन है इस संसार में कोई भी वस्तु नित्य नहीं है यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, उन्होंने कहा जीवन जल की बुलबुल के समान है और भोग संपदाये बिजली और इंद्रधनुष के समान चंचल हैं इस प्रकार संसार का चिंतन करने से संवेग उत्पन्न होता है मुनि श्री ने काय के बारे में बदलाते हुए कहा यह शरीर अनित्य है, दुख का कारण है, आशुचि है, ऐसा शरीर के स्वभाव का विचार करने से वैराग्य उत्पन्न होता है। वर्तमान में व्यक्ति पाप भाव और पाप क्रिया को तो छोड़ नहीं रहा, बल्कि पुण्य भाव और पुण्य क्रिया को छोड़ रहा है, यही उसके संसार भ्रमण का कारण है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा चार प्रकार के आहार का त्याग करना उपवास है। अष्टमी, चतुर्दशी अर्थात पर्व के दिनों में जो उपवास किया जाता है उसे पोषोपवास कहते हैं।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, बचाने गई मां घायल

9 आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज

सागर, देशबन्धु। खुरई देहांत थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदिया नौनागिर में पुरानी रंजिश में युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं विवाद के दौरान बीच बचाव करने आई मृतक की मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। जिससे वह घायल हुई हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। मामले में परिवार वालों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जल्द गिरफ्तार करने और आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग की है। मृतक की बहन ने बताया कि गुरुवार को विक्रम सिंह, कोमल सिंह, आजाद सिंह समेत अन्य लोग घर आए थे। पूर्व में हुई छेड़छाड़ की घटना में उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया था। इसी प्रकरण में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। मां ने कहा था कि राजीनामा कर लेंगे। लेकिन वह धमकाकर घर से चले गए। इसी दौरान भाई नितिन पुत्र रघुवीर अहिरवार उम्र 18 साल निवासी बरोदिया नौनागिर उन्हें बस स्टैंड के पास मिल गया। जहां उन्होंने भाई नितिन के साथ जमकर मारपीट की। विवाद की सूचना पर मां मौके पर पहुंच गई। वहीं बीच बचाव करने लगी तो उन्होंने मां के साथ भी मारपीट की। मैं गई तो मेरा मोबाइल छीन लिया और मारपीट की। उन्होंने भाई की गर्दन और छाती पर लात रखकर पीटा। इतना मारा कि वह बेहोश होकर गिर गया। बेहोश होने के बाद भी वह भाई के साथ मारपीट करते रहे। घटना के बाद भाई नितिन को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मारपीट में मां घायल हुई है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की बहन ने बताया कि विवाद के दौरान आरोपियों ने मां के कपड़े खींच दिए। उन्हें निर्वस्त्र कर पीटा। आरोपी लंबे समय से छेड़छाड़ के मामले में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। राजीनामा नहीं किया तो उन्होंने मेरे भाई से मारपीट कर हत्या कर दी। मृतक के बड़े भाई रोहित अहिरवार ने बताया कि मैं घर पर था। अचानक आवाज आई कि कुछ लोग घर की तरफ आ रहे थे। पुराना विवाद चलने के कारण मैं डर गया और कुछ दूर जाकर छिप गया। तभी आरोपी घर आए और उन्होंने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। पूरा गृहस्थी का सामान तोड़ दिया और मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। वह पहले भाई को मारकर आए थे। जिसके बाद उन्होंने घर में तोड़फोड़ की। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए।

एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि पुरानी रंजिश में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष ने युवक के साथ मारपीट की। मारपीट में आई चोटों के कारण युवक की मौत हो गई। मामले में खुरई पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। मामले के हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

ईवीएम मशीन का विशेष कैंप का हुआ आयोजन

बीना, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण निर्वाचन हेतु विधानसभा क्षेत्र बीना में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में ईवीएम प्रदर्शन हेतु तहसील परिसर के अलावा सर्वोदय चौराहे पर विशेष कैंप के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम संचालन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएल सोनी, विवेक पाठक, केके जैन ने मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के अंतर्गत बैलेट यूनिट, वीवीपैट एवं कंट्रोल यूनिट की कार्य प्रणाली से मतदाताओं को अवगत कराया एवं मतदाताओं की सभी शंकाओं का समाधान किया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी करने का आह्वान किया। ईवीएम जागरूकता वाहन के माध्यम से मास्टर ट्रेनर उमेश यादव ने मंडीबामौरा क्षेत्र के मतदाताओं को ईवीएम के संबंध में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रीतम राय, दीपक गोस्वामी, प्रधान आरक्षक गौतम भट्ट एवं आरक्षक मलखान सिंह का सहयोग रहा।

अवैध संचालन, ओव्हरलोड एवं नियम विरूद्ध संचालित वाहनों की चैकिंग कर की कार्यवाहीः आरटीओ

KHUSHBU
R.T.O.

सागर, देशबन्धु। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला के निर्देशन में सुरेन्द्र सिंह गौतम, सहा. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं प्रवर्तन अमले द्वारा सागर-भोपाल मार्ग पर लगभग 38 वाहनों को चैक किया गया। जिनमें से 9 वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठी पाई गई, प्रदूषण प्रमाण पत्र नही पाया गया, वाहन में किराया सूची चस्पा नहीं थी चालक परिचालक निर्धारित गणवेश नहीं होने से उक्त यात्री बसों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर 12000 रुपए जुर्माना वसूल कर छोड़ा गया। इसी क्रम में 1 स्कूल बस बिना परमिट, बिना फिटनेस के संचालित पाई गई, जिसे जप्तकर कार्यालय परिसर में रखा गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन कार्ड, वाहन चालक का हैबी ड्रायविंग लायसेंस, टैक्स प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि अनिवार्य रूप से साथ में रखे।

अंत्योदय समिति की औपचारिक बैठक कलेक्टर सभाकक्ष सम्पन्न

जिले की अंत्योदय समिति का गठन पश्चात पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित हुई अंत्योदय समिति की औपचारिक बैठक में नवगठित अंत्योदय समिति के सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया। विधायक शैलेन्द्र जैन, कलेक्टर दीपक आर्य, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, जिला अध्यक्ष भाजपा गौरव सिरोठिया की उपस्थिति में नगर अंत्योदय समिति के कुल 21 सदस्यों में अध्यक्षा प्रतिभा चौबे सहित उपस्थित 20 सदस्यों का पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक शैलेन्द्र जैन ने नवदायित्वमान सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा की शासन द्वारा बनाई गई अंत्योदय समितियों की सीमाएं व मर्यादाएं निर्धारित की गई हैं। सभी सदस्य निर्धारित गाइडलाइन अनुसार अपने दायित्वों का पालन करें और शहर विकास के लिए किए जा रहे परियोजना व योजना कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक कुशलता के साथ पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। नगर निगम व स्मार्ट सिटी सहित अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे परियोजना कार्यों से लोगों को शतप्रतिशत लाभ मिले इसकी मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर सम्बन्धित सक्षम अधिकारी को सूचित करें। कलेक्टर दीपक आर्य ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की वर्तमान में शहर में स्मार्ट सिटी और नगर निगम की बहुत सी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य प्रगतिरत है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर के प्रत्येक नागरिक को उल्लेखनीय लाभ मिलेगा। आप सभी सदस्यों का कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक इन कार्यों सहित शासन की योजनाओं और उनसे होने वाले लाभ को पहुंचाना है। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने अंत्योदय समिति के कार्यभार की जानकारी देते हुए कहा की दीनदयाल अंत्योदय समिति गठन का उद्देश्य समाज के अंतिम वंचित व्यक्ति तक शासन की हितमूलक योजनाओं को पहुंचाने में सहयोग करना है। आप सभी अपने दायित्व का पालन करते हुए योजनाओं व परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करें। समिति अध्यक्षा प्रतिभा चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति द्वारा बेहतर कार्य करने हेतु नगर निगम कार्यालय में अंत्योदय समिति हेतु कक्ष उपलब्ध कराए जाने की मांग की। जिस पर उन्हें आश्वास्त किया गया। इस दौरान श्याम तिवारी नगर अंत्योदय समिति सदस्य सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

अब व्हाट्सएप पर भी बिजनेस ऐप के माध्यम से व्यापार कर सकते हैं: सुरेन्द्र जैन मालथौन

सागर, देशबन्धु। अब व्हाट्सअप पर भी बिजनेस ऐप के माध्यम से आप व्यापार कर सकते हैं कैट ने व्हाट्सएप से केंद्रीय स्तर पर टाइप किया अब पूरे मानकों पर आधारित जो प्रतिष्ठान संचालित होगा उसे कैट शॉप का सर्टिफिकेट मिलेगा। 24 व 25 अगस्त को नेशनल गवर्निंग कौंसिल की बैठक रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष एवं नेशनल गवर्निंग बॉडी के मेम्बर सुरेन्द्र जैन मालथौन ने हिस्सा लेते हुए बताया कि अब व्यापार में आमूल चूल परिवर्तन करने की अवश्यकता है। अब हमे समय के साथ अपने व्यापार को अपग्रेड करना होगा। राष्ट्रीय स्तर की बैठक में अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि यदि सभी मानकों पर जो भी दुकान संचालित होती है तो उसे कैट शॉप का अधिकृत सर्टिफिकेट मिलेगा जो केंद्रीय स्तर से जारी होगा। उससे दुकानदारों को अनेक फायदे मिलेंगे। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन मालथौन ने बताया कि अब जल्द ही व्टासएप पर बिजनेस ऐप की ट्रेनिंग दी जायेगी और व्हटास्प ने अपने ऐप को भारत के छोटे एवं माध्यम व्यापारियों के हिसाब से अपडेट किया है। आप अपनी दुकान भी अब व्हाट्सएप पर खोल सकते है। अब हमारे व्यापारियों को व्यापार करना आसान होगा और ऑनलाइन बिजनेस से भी प्रतिस्पर्धा कर पायेंगे पायेंगे।

निगमायुक्त ने अधिक से अधिक फीडबैक देने की, की अपील

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत 1 जुलाई से 30 अगस्त तक फीडबैक देने का कार्य किया जा रहा है चल रहा है जिसमें नगर को अच्छी रैंक दिलाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, जोन प्रभारियों, सफाई दरोगा, रेमकी कंपनी के कर्मचारियों, इंडिपेंडेंट इंजीनियरों, एनयूएलएम शाखा और महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों द्वारा ग्रुप बनाकर अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से फीडबैक कराने का कार्य किया जा रहा है, ताकि नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त होने में सहयोग प्राप्त हो। निगमायुक्त ने सभी पार्षदों, समस्त नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज के संचालक, कोचिंग सेंटर संचालक, समस्त कर्मचारी, अधिकारी, छात्र-छात्राओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में सकारात्मक फीडबैक देकर नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिलाने में सहयोग करने और अपने परिवार तथा परिचितों को फीडबैक देने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया है।

हत्या के प्रयास के आरोपी को सजा

सागर, देशबन्धु। अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में फैसला सुनाया है। प्रकरण में सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए आरोपी नीलू उर्फ लखन पुत्र बसंत रैकवार उम्र 36 साल निवासी ग्राम पिपरिया रामवन को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण में पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक रमन कुमार जारोलिया ने बताया कि फरियादी ने सुरखी थाने में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि 20 मई 2022 की रात करीब 8.30 बजे फरियादी साधना अपने घर में बर्तन साफ कर रही थी। तभी पीछे से उसका जेठ आरोपी नीलू आया और चाकू से हमला कर दिया। साधना को चाकू पीठ, पेट, बांये पैर में लगा। चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने घायल साधना को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया। जांच पूरी होने पर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने मामले में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने प्रकरण से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज पेश किए। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और फैसला सुनाते हुए आरोपी को सजा सुनाई है।

मामा की बहने बैंक संबंधी कार्यों को परेशान सड़क पर बैठकर किया चक्का जाम

बण्डा, देशबन्धु। लाडली बहना योजना के चलते कुछ बैंक संबंधी कार्य करना अनिवार्य है जिसके लिए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की महिलाएं सुबह जल्दी बैंकों के बाहर आकर बैठ जाते हैं और बैंक कर्मचारियों की मनमानी के चलते महिलाओं के लगभग 15 दिन से बैंक संबंधी कार्य नहीं हो पा रहे कड़ी तेज धूप में भूखी प्यासी महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को लेकर बैंक के चक्कर लगा रहे और बैंक कर्मचारी समय पर महिलाओं के काम नहीं कर रहे जिससे नाराज होकर महिलाओं ने सेंट्रल बैंक के बाहर बण्डा कानपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। महिलाओं के सड़क पर बैठने की वजह से वाहनों की लंबी-लंबी कतार दोनों तरफ लग गई। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी असुविधा हुई। जानकारी लगने पर बण्डा थाना प्रभारी नासिर अहमद फारूखी, एसआई अरविंद सिंह, वीणा विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ सेंट्रल बैंक पहुंचे और महिलाओं को समझाईश देकर चक्काजाम खुलवाया। पुलिस विभाग द्वारा स्वयं बैंक के अंदर जाकर मैनेजर को समझाईश दी गई और महिलाओं को टोकन वितरित कराए गए तब कहीं जाकर चक्काजाम खत्म हुआ और बैंक की भीड़ खत्म हुई। अब बात यह उठाती है कि यदि बैंक प्रबंधन द्वारा महिलाओं के काम समय पर किए जाएं और उन्हें भीड़ को देखते हुए आगे की तारीखों के यदि टोकन दे दिए जाएं तो महिलाओं को और नगर की जनता को असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा किंतु बैंक प्रबंधन की मनमानी के चलते महिलाएं एवं आम जनता सभी परेशान है।

धारणाधिकार प्रकरणों के निराकरण के लिए मंगलवार से आयोजित होंगे शिविर

आरबीसी के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकृत करें: कलेक्टर

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर दीपक आर्य ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि धारणाधिकार के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। इसके लिए मंगलवार को समस्त तहसील कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित करें और प्रकरणों का निराकरण करें। धारणाधिकार के प्रकरणों के निराकरण के लिए समस्त संबंधित व्यक्ति अपने मूल दस्तावेजों के साथ शिविर में आकर अपने प्रकरण का निराकरण करायें। यदि मंगलवार को सभी प्रकरण निराकृत नहीं होते हैं तो पुनः दूसरे दिन शिविर आयोजित करें। कलेक्टर ने कहा कि इसी प्रकार आरबीसी 6/4 आपदा से संबंधित प्रकरणों का निराकरण भी करें। कोई भी व्यक्ति जांच के अभाव में उसकी राशि का बंधन रखना नहीं चाहिए। सभी अधिकारी आरबीसी 6/4 के प्रकरणों के निराकरण के लिए समस्त दस्तावेजों का सूक्ष्मता से अध्ययन करें एवं प्रकरण में संलग्न करें। उसके बाद ही निराकरण करें। प्रधानमंत्री किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत लाभान्वित किसानों की ई.केवाईसी तत्काल कराएं, जिससे कि उनको सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो सके। किसान सम्माननिधि में यह प्रमुख रूप से देखें कि किसी भी अपात्र एवं जिले से बाहर जाने वाले हितग्राही लाभान्वित तो नहीं हो रहे हैं और यदि ऐसा होता है तो संबंध के खिलाफअनुशानात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री आवासीय भू.अधिकार योजना के अंतर्गत समस्त राजस्व अधिकारी अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें और यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि आप उनके क्षेत्र में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नहीं है। समस्त नए राजस्व अधिकारी अपने-अपने राजस्व न्यायालय का निरीक्षण करें और प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उसके बाद सभी न्यायालय का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं अपर कलेक्टर के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से अपने-अपने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भी विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करने की निर्देश दिए। कोई भी प्रकरण 50 दिवस से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए और यदि ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौजूद थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।